Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 348 | रविवार, 21 दिसंबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## 'असम को पूर्वी पाकिस्तान का हिस्सा बनाने की रची गई थी साजिश'

# पीएम मोदी बोले- घुसपैठियों को बचाने में लगे हुए हैं देशद्रोही

**नई दिल्ली।**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कांग्रेस पर अपने शासनकाल के दौरान असम और पूर्वोत्तर की उपेक्षा करने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि भाजपा सरकार उन गलतियों को सुधार रही है, जो कांग्रेस दशकों से इस क्षेत्र में करती आ रही थी।

गुवाहाटी की एक रैली में मोदी ने कांग्रेस पर हमला करने के लिए इतिहास के भी कुछ पन्ने पलटे। कहा कि स्वतंत्रता से पहले जब मुस्लिम लीग और ब्रिटिश भारत के विभाजन की तैयारी कर रहे थे, तब असम को पूर्वी पाकिस्तान का हिस्सा बनाने की साजिश रची गई थी। कांग्रेस भी इस साजिश का हिस्सा बनने वाली थी। यह गोपीनाथ बोरदोलोई ही थे, जिन्होंने अपनी ही पार्टी के खिलाफ खड़े होकर असम की पहचान को नष्ट करने की साजिश का विरोध किया और असम को देश से अलग होने से बचाया। इससे पहले कोलकाता में ममता बनर्जी सरकार पर जोरदार हमला करते हुए पीएम ने कहा कि महाजंगलराज से मुक्ति का समय आ गया है। प्रेट्र के अनुसार, गुवाहाटी हवाई अड्डे के नए टर्मिनल का उद्घाटन करने के बाद एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि चुनाव आयोग ने मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) शुरू किया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि घुसपैठिये चुनाव प्रक्रिया से बाहर रहें। केंद्र घुसपैठ रोकने के लिए सख्त कदम उठा रहा है। लेकिन, देशद्रोही इन घुसपैठियों को बचाने में लगे हुए हैं। मोदी ने आरोप लगाया कि असम और पूर्वोत्तर का विकास कभी भी कांग्रेस के एजेंडे का हिस्सा नहीं था।

### विपक्ष खुलेआम राष्ट्रविरोधी एजेंडा अपना रहा है-पीएम

सुप्रीम कोर्ट द्वारा घुसपैठियों को हटाने का निर्देश दिए जाने के बावजूद विपक्ष खुलेआम राष्ट्रविरोधी एजेंडा अपना रहा है। ये पार्टियां घुसपैठियों के बचाव में बयान जारी कर रही हैं और उनके वकील अदालत में उनसे समझौता करने की गुहार लगा रहे हैं।

## अयोध्या में सातों पूरक मंदिरों की धर्म ध्वजा पर अंकित होंगे देवी-देवताओं के प्रतीक चिह्न

**अयोध्या।**



श्रीराम मंदिर के बाद अब श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट सातों पूरक मंदिरों में भी दर्शन प्रारंभ कराने की तैयारी कर रहा है। इससे पहले मंदिरों के शिखर पर धर्म ध्वजा का आरोहण कराया जाएगा। ट्रस्ट ने प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ यानी प्रतिष्ठा द्वादशी के साथ ही ध्वजारोहण की भी तैयारी शुरू की है। पदाधिकारियों ने पूरक मंदिरों की धर्म ध्वजा पर देवी-देवताओं के प्रतीक चिह्नों को अंकित कराने का निर्णय लिया है। मंदिरों में जिस देवी या देवता का वास होगा, उनके प्रतीक चिह्न ध्वजा पर अंकित रहेंगे।

ध्वजा के कपड़े की गुणवत्ता राम मंदिर की भांति ही टिकाऊ रखी जाएगी और आकार उससे छोटा होगा। राम मंदिर का निर्माण पूर्ण होने के बाद इसके स्वर्ण शिखर पर गत 25 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ध्वजारोहण कर दिया है। पूरक मंदिरों के शिखर पर ध्वजा फहराना शेष है। इन मंदिरों में छिटपुट कार्य शेष रहने के कारण ट्रस्ट ने तत्समय इसका कार्यक्रम स्थगित कर दिया था। अब फिनिशिंग, साफ-सफाई व हरित विकास से संबंधित कार्य लगभग पूर्ण हो गए हैं, इसलिए ट्रस्ट ने शीघ्र ध्वजा के आरोहण की योजना बनाई है। ट्रस्ट ने ध्वजा का आकार-प्रकार, रंग-रूप व गुणवत्ता आदि तय करने के लिए कोषाध्यक्ष गोविंददेव गिरि को अधिकृत कर रखा है। सूत्रों के अनुसार ट्रस्ट ने परकोटे के मध्य निर्मित भगवान शिव के मंदिर की धर्म ध्वजा पर नंदी बाबा या त्रिशूल, सूर्य मंदिर पर सूर्य या ऊं, गणेश मंदिर पर मूसक या गजानन, हनुमान मंदिर पर गदा, दुर्गा मंदिर पर सिंह (शेर), अन्नपूर्णा मंदिर पर अक्षय पात्र और शेषावतार मंदिर की ध्वजा पर शेषनाग को प्रतीक के रूप में अंकित कराने का निर्णय लिया है। ध्वजारोहण के आयोजन की रूपरेखा तैयार होते ही ध्वजा भी निर्मित कराई जाएगी।

## म्यांमार के कुख्यात केके पार्क में साइबर गुलामी से सात भारतीय मुक्त

**नई दिल्ली।**



म्यांमार के कुख्यात साइबर स्कैम सेंटर केके पार्क में साइबर गुलामी के हालात में रखे गए सात भारतीय युवकों को महाराष्ट्र पुलिस की जांच के बाद सुरक्षित भारत वापस लाया गया है। इन युवकों से धमकी और हिंसा के साए में अंतरराष्ट्रीय ऑनलाइन ठगी कराई जा रही थी। मीरा भायंदर वसई विरार (एमबीवीवी) पुलिस की क्राइम ब्रांच की जांच तब शुरू हुई, जब मीरा रोड के दो युवक किसी तरह भारत लौटे और शिकायत दर्ज कराई। जुलाई से सितंबर 2025 के बीच बैंकॉक में नौकरी का झांसा देकर उन्हें म्यांमार ले जाया गया था, जहां उन्हें बंधक बनाकर रखा गया। पुलिस के अनुसार, पीड़ितों को 'यूयू8' नाम की कंपनी में सौंपकर शारीरिक हिंसा की धमकी दी गई और विदेशी नागरिकों से साइबर ठगी के लिए मजबूर किया गया। जब उन्होंने इनकार किया।

## बांग्लादेश में भारी बवाल

# भीड़ ने सात साल की बच्ची को जिंदा जलाया

**नई दिल्ली।**



बांग्लादेश में हाल ही में छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की मृत्यु के बाद भड़की व्यापक हिंसा के दौरान एक मासूम बच्ची को जिंदा जलाए जाने की अत्यंत हृदयविदारक घटना सामने आई है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, शनिवार को लक्ष्मीपुर सदर उपजिला में बीएनपी के एक नेता के घर को कथित तौर पर बाहर से बंद करके आग लगा दी गई, जिसमें एक बच्ची की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। 12 दिसंबर को ढाका के बिजोयनगर इलाके में एक चुनावी अभियान के दौरान नकाबपोश बंदूकधारियों ने हादी के सिर में गोली मार दी थी और गुरुवार को सिंगापुर में इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। 32 वर्षीय हादी को शनिवार को ढाका विश्वविद्यालय मस्जिद के पास राष्ट्रीय कवि काजी नजरुल इस्लाम की समाधि के बगल में कड़ी सुरक्षा के बीच दफनाया गया। उनकी मृत्यु के बाद पूरे बांग्लादेश में हमले और तोड़फोड़ की घटनाएं हुईं, जिनमें गुरुवार को चटोग्राम में सहायक भारतीय उच्चायुक्त के आवास पर पत्थरबाजी भी शामिल है। अंतिम संस्कार के तुरंत बाद, हादी की पार्टी इंकलाब मंच ने अंतरिम सरकार को 24 घंटे का अल्टीमेटम जारी कर उनकी हत्या के लिए जिम्मेदार लोगों की गिरफ्तारी की मांग की। इंकलाब मंच ने सरकार को हादी के हत्यारों को गिरफ्तार करने के लिए 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। यह अल्टीमेटम शनिवार दोपहर को ढाका के शाहबाग चौराहे पर हजारों लोगों के इकट्ठा होने के बाद दिया गया।

## अरावली के अस्तित्व पर संकट: दिल्ली के अदृश्य प्रहरी की सुरक्षा में सेंध

**नई दिल्ली।**



दिल्ली-एनसीआर में रोजमर्रा की जिंदगी की भागदौड़ में हम अक्सर उस अदृश्य प्रहरी को नजरअंदाज कर रहे हैं जो हमें सुरक्षित रखता है। यह कोई और नहीं आरावली की पहाड़ियां हैं जो सिर्फ भूगोल नहीं बल्कि हमारे जीवन के कई पहलुओं को संतुलित करने वाली प्रकृति की शक्ति है। तपते थार रेगिस्तान से आती गर्म और धूलभरी हवाओं को रोककर ये हमारी राजधानी को राहत पहुंचाती हैं। बारिश का पानी सोखकर भूजल का स्तर बनाए रखती हैं और सबसे महत्वपूर्ण, अपनी हरियाली से ये प्रदूषण को अवशोषित करती हैं। अगर ये पहाड़ियां न हों तो आप सहज ही अंदाजा लगा सकते हैं कि राजधानी का एक्यूआई किस स्तर तक जा सकता है।

## पीएम मोदी का असम दौरा

**नई दिल्ली।**



असम के औद्योगिक शहर नामरूप में आज (21 दिसंबर 2025) को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ऐतिहासिक दौरा होने जा रहा है। यहां वे असम वैली फर्टिलाइजर एंड केमिकल कंपनी लिमिटेड की लगभग 11,000 करोड़ रुपये की ब्राउनफील्ड अमोनिया-यूरिया परियोजना की आधारशिला रखेंगे। यह परियोजना पूर्ण होने पर सालाना 12.7 लाख मीट्रिक टन यूरिया का उत्पादन करेगी, जिससे पूर्वोत्तर राज्यों की उर्वरक जरूरतें पूरी होंगी और आयात पर निर्भरता कम होगी। इस महत्वपूर्ण आयोजन में असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य, मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहेंगे। यह पहल न केवल कृषि क्षेत्र को मजबूत करेगी, बल्कि हजारों रोजगार सृजन कर असम के औद्योगिक विकास को नई गति प्रदान करेगी। 21 दिसंबर की सुबह नामरूप जाने से पहले, प्रधानमंत्री शहीद स्मारक क्षेत्र का दौरा करेंगे और ऐतिहासिक असम आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। यह छह वर्ष लंबा जन आंदोलन था जिसने विदेशियों से मुक्त असम और राज्य की पहचान की रक्षा के लिए सामूहिक संकल्प को मूर्त रूप दिया। बाद में दिन में, प्रधानमंत्री असम के डिब्रूगढ़ जिले के नामरूप में ब्रह्मपुत्र घाटी उर्वरक निगम लिमिटेड (बीवीएफसीएल) के वर्तमान परिसर के भीतर स्थित नई ब्राउनफील्ड अमोनिया-यूरिया उर्वरक परियोजना का भूमिपूजन करेंगे। प्रधानमंत्री के किसान कल्याण के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए, 10,600 करोड़ रुपये से अधिक के अनुमानित निवेश वाली यह परियोजना असम और पड़ोसी राज्यों की उर्वरक आवश्यकताओं को पूर्ण करेगी, आयात पर निर्भरता कम करने के साथ-साथ पर्याप्त रोजगार सृजित करेगी और क्षेत्रीय आर्थिक विकास को गति प्रदान करेगी। यह औद्योगिक पुनरुद्धार और किसान कल्याण की आधारशिला है। इस दौरे की तैयारियां बड़े पैमाने पर की गई हैं, प्रधानमंत्री के आगमन के लिए एक नया बनाया गया अस्थायी हेलीपेड पहले ही सफलतापूर्वक टेस्ट किया जा चुका है। स्थानीय अधिकारी एक बड़ी सार्वजनिक सभा की तैयारी कर रहे हैं। अनुमान है कि पूरे क्षेत्र से 1.24 लाख से अधिक लोग रैली में शामिल होंगे।

**11000 करोड़ की अमोनिया-यूरिया परियोजना की रखेंगे आधारशिला**

## दूसरे राज्यों की तुलना में 15 गुना महंगी खरीदी गईं होम्योपैथिक दवाएं

**लखनऊ।** प्रयागराज (उत्तर प्रदेश), उत्तराखंड और ओडिशा में होम्योपैथिक दवाओं की खरीद से जुड़े जेम टेंडर के दस्तावेज की पड़ताल में ही दवा के दामों में कई गुना तक का अंतर सामने आया है। प्रयागराज (उत्तर प्रदेश), उत्तराखंड और ओडिशा में होम्योपैथिक दवाओं की खरीद से जुड़े जेम टेंडर के दस्तावेज की पड़ताल में ही दवा के दामों में कई गुना तक का अंतर सामने आया है। प्रयागराज के प्रिंसिपल, शहीद राजा हरि प्रसाद मल राजकीय होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल और जिला होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी द्वारा 18 और 19 दिसंबर को जेम पोर्टल पर जारी की गई 67 दवाओं की बिड पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## यूपी के इस जिले में बनेगा इकोनामिक कॉरिडोर


**कानपुर।**



नए साल में मार्च तक कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे की शुरूआत होने जा रही है। इसके साथ ही अब दोनों शहरों के बीच प्रस्तावित इकोनामिक कारिडोर को भी नीति आयोग की हरी झंडी मिल गई है। मंडलायुक्त के .विजयेन्द्र पांडियन ने बताया कि प्रदेश में दो इकोनामिक कारिडोर कानपुर-लखनऊ और प्रयागराज-वाराणसी के निर्माण को स्वीकृति मिल चुकी है। यह फैसला केवल सड़कों और परियोजनाओं का नहीं, बल्कि रोजगार, उद्यमिता और आत्मनिर्भरता को भी बढ़ावा देगा। कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेस-वे कारिडोर के आसपास के क्षेत्रों को मैन्युफैक्चरिंग, लाजिस्टिक्स और टेक्नोलाजी आधारित क्लस्टर्स के रूप में विकसित किया जाएगा। भविष्य में यहां अत्याधुनिक आइटी पार्क, विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसइजेड) और औद्योगिक नोड्स स्थापित होंगे। मंडलायुक्त ने बताया कि लखनऊ को उत्तर भारत के प्रमुख स्टार्टअप डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने का रोडमैप तैयार किया जा रहा है। इसके साथ ही कानपुर-लखनऊ के बीच प्रस्तावित रैपिड रेल (आरआरटीएस) परियोजना को अक्टूबर 2025 में मंजूरी मिल चुकी है। इसका लक्ष्य दोनों शहरों के बीच यात्रा समय को घटाकर 40 से 45 मिनट करना है। लगभग 67 से 75 किलोमीटर लंबे इस कारिडोर की अधिकतम गति 160 किलोमीटर प्रति घंटा होगी और इसे दोनों शहरों के मेट्रो नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। राज्य सरकार की हरी झंडी के बाद अब एनसीआरटीसी डीपीआर तैयार कर रहा है, जिसके 2030-31 तक चालू होने की संभावना है। मार्च 2026 तक एक्सप्रेस-वे का शुभारंभ हो जाएगा, जिससे आवागमन और सुलभ हो जाएगा।

## कश्मीर में पहला हिमपात, दिल्ली-यूपी में शीतलहर से थमा जनजीवन

**नई दिल्ली।**



पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से उत्तर भारत के मौसम में बड़ा बदलाव आया है। कश्मीर में मौसम की पहली बर्फबारी हुई है, जबकि दिल्ली-एनसीआर सहित पूरे उत्तर भारत में भीषण ठंड, घने कोहरे और शीतलहर ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। खराब मौसम का असर यातायात और महत्वपूर्ण दौरों पर भी पड़ा है। कश्मीर में मौसम का पहला हिमपात हुआ और हिमाचल के ऊपरी इलाकों में भी बर्फबारी जारी है। उत्तराखंड में भी बर्फबारी की संभावना जताई गई है। उत्तर प्रदेश में भीषण ठंड का 'रेड अलर्ट' जारी किया गया है। मौसम विभाग ने अगले एक सप्ताह तक घने कोहरे और शीतलहर की चेतावनी दी है। दिल्ली में शनिवार इस सीजन का सबसे ठंडा दिन रहा। पंजाब से लेकर बिहार और झारखंड तक शीतलहर का प्रकोप है। खराब मौसम के चलते केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का हिमाचल प्रदेश (कांगड़ा) दौरा रद्द करना पड़ा, जहाँ उन्हें एसएसबी के स्थापना समारोह में शामिल होना था। घने कोहरे के कारण कई उड़ानें रद करनी पड़ीं और दर्जनों ट्रेनें देरी से चल रही हैं। मौसम विभाग ने दिल्ली में शीतलहर चलने की घोषणा कर दी है। मैदानी इलाकों में न्यूनतम तापमान के 4 डिग्री सेल्सियस अथवा उससे नीचे गिरने या सामान्य से 4.5 से 6.4 डिग्री कम होने पर शीतलहर की घोषणा की जाती है। तापमान के 2 डिग्री सेल्सियस या उससे नीचे गिरने अथवा पारे में सामान्य से 6.5 डिग्री की गिरावट पर भीषण शीतलहर होती है।

पश्चिमी उप्र से लेकर पूर्वांचल तक कई जिलों में शुक्रवार रात से शनिवार सुबह घना कोहरा छाया रहा। हाईवे और एक्सप्रेसवे पर वाहन रेंगते रहे। कानपुर, बरेली समेत कई जिलों में स्कूल बंद रहे। बुंदेलखंड के जिलों में समय बदला गया है।

## संपादक की कलम से

# भारत तोड़ो की साजिशें

बीती 16 दिसंबर वह तारीख थी, जब 1971 में पाकिस्तान के 93,000 फौजियों को भारतीय सेना के सामने आत्मसमर्पण करना पड़ा था। उन्हें अपने हथियार जमीन पर रखने पड़े थे। नतीजतन बांग्लादेश की मुक्ति का आगाज हुआ था। भारतीय सेनाओं ने बांग्ला मुक्ति संग्राम में विशेष योगदान दिया था और पाकिस्तान को दोफाड करने की लडाई लडी थी। पूर्वी पाकिस्तान, अंतत: बांग्लादेश बना था। वह भारत का ही सृजन था, लेकिन शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से तख्तापलट के बाद हमारी ही औलाद अब हमें आंखें दिखा रही है। यह असहनीय होना चाहिए। भारत को कड़ी प्रतिक्रिया, बल्कि कार्रवाई करनी चाहिए। सिर्फ उसके राजदूत को मंत्रालय में बुला कर विरोध जताने से कुछ नहीं होगा, क्योंकि नौबत भारत तोड़ो तक की आ गई है। बांग्लादेश के अराजक और जेहादी तत्त्व धमकियां दे रहे हैं। पूर्वोत्तर के सात राज्यों को भारत से अलग करने, वहां विद्रोहियों को पुन: सक्रिय करने और तनाव, उग्रवाद फैलाने की धमकियों के अलावा साजिशें भी रची जा रही हैं। अब पाकिस्तान बांग्लादेश को अपना भाई बता रहा है और साजिशों का सूत्रधार बना है। उल्फा की सैन्य ईकाई के सरगना परेश बरुआ को चीन से ढाका लाने की कोशिशें जारी हैं, ताकि पूर्वोत्तर को फिर अस्थिर किया जा सके। ढाका में भारतीय दूतावास के बाहर बेहद उत्तेजक और उन्मादी विरोध–प्रदर्शन किया गया। दूतावास में घुसने की कोशिशें की गईं। नारे लगाए गए–बाबर के रास्ते पर चलो, सात राज्यों को आजाद कराओ्ङ्कजो हत्यारे को पनाह दे, उसे तोड़ दो, तोड़ दो। शेख हसीना को हत्यारा करार दिया जा रहा है, जिन्हें भारत ने शरण दी है। बांग्लादेश सरकार की ओर से बार–बार आग्रह किया जा रहा है कि भारत शेख हसीना को सौंप दे। बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार (परोक्ष रूप से प्रधानमंत्री) मुहम्मद यूनुस 85 साल के हो गए हैं, लेकिन उनका एकमात्र मकसद शेख हसीना को फांसी पर लटकाने का लगता है। इस संदर्भ में वहां की एक अदालत से सजा–ए–मौत का फैसला भी करा लिया गया है। यूनुस को 2006 में नोबेल पुरस्कार से नवाजा गया था, लेकिन अब इस उम्र में उनकी राजनीतिक महत्त्वाकांक्षाएं उभर आई हैं। देश का विकास जाए भाड़ में, उन्होंने बांग्लादेश को कट्टरपंथी इस्लामी देश में तबदील करने का मानो संकल्प लिया है! देश में हिंसक प्रदर्शन हो रहे हैं, हिंदुओं की हत्याएं की जा रही हैं और देश से बेदखल करने की धमकियां दी जा रही हैं, हिंदुओं के मंदिर, घर–दुकानों को तोड़–फोड़ कर आग के हवाले किया जा रहा है। यह पराकाष्ठा है कि अब पूर्वोत्तर राज्यों को भारत से अलग करने की साजिशें सामने आ रही हैं। बांग्लादेश के कठमुल्ला, कट्टरपंथी बयान सामने आ रहे हैं कि बांग्लादेश और पूर्वोत्तर के बीच चिकननेक को बंद किया जाए, ताकि पूर्वोत्तर अपने आप ही भारत से कट जाए। बांग्लादेश की कट्टरपंथी, भारत–विरोधी जमात यह नहीं जानती कि भारत 1971 में ही इस चिकननेक को चौड़ा कर सकता था अथवा इसे अपने कब्जे में ले सकता था, लेकिन भारत ने बांग्ला की मुक्ति और आजादी का सम्मान किया। बीते गुरुवार को संसद में विदेश मंत्रालय की स्थायी समिति की रपट में कहा गया है कि बांग्लादेश की वायुसेना के लालमोनिरहाट एयरबेस की हवाई पट्टी चीन बना रहा है। यह इलाका सिलीगुड़ी कॉरिडोर के बेहद करीब है, जिसे संवेदनशील चिकननेक के तौर पर जानते हैं।



ललित शर्मा
संपादक

# बेलगाम बांग्लादेश की अशांति भारत के लिये खतरा



ललित गर्ग





बांग्लादेश में बीते कुछ समय से जो घटनाक्रम सामने आ रहे हैं, वे किसी एक देश की आंतरिक समस्या भर नहीं रह गए हैं, बल्कि दक्षिण एशिया की समूची भू-राजनीतिक स्थिरता के लिए एक गंभीर चेतावनी बनते जा रहे हैं। युवा छात्र नेता शरीफ उस्मान हादी की हत्या के बाद जिस तरह ढाका सहित कई शहरों में हिंसा भड़की, उसने यह उजागर कर दिया कि मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार न तो कानून का शासन स्थापित कर पा रही है और न ही समाज को उन्माद व कट्टरता से बचाने में सक्षम दिखाई देती है। सड़कों पर उग्र भीड़, अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर हमले, हिन्दू धर्म-स्थलों को ध्वस्त करना, मीडिया संस्थानों के दफ्तरों में आगजनी, पत्रकारों पर हमले और असहमति की आवाजों को दबाने की कोशिशें यह संकेत देती हैं कि बांग्लादेश तेजी से अराजकता के दलदल में धंसता जा रहा है। यह स्थिति लोकतंत्र के भविष्य के लिए जितनी भयावह है, उतनी ही खतरनाक क्षेत्रीय शांति के लिए भी है।

इस पूरे परिदृश्य का सबसे चिंताजनक एवं त्रासद पहलू भारत विरोधी नैरेटिव का सुनियोजित एवं षड़यंत्रपूर्ण निर्माण है। शरीफ उस्मान हादी की हत्या के लिए बिना किसी ठोस जांच के भारत पर आरोप मढ़ना और उसके बाद भारतीय मिशनों को निशाना बनाने की कोशिशें यह बताती हैं कि हिंसा केवल स्वतःस्फूर्त जनाक्रोश नहीं, बल्कि एक सुविचारित राजनीतिक और वैचारिक साजिश का हिस्सा है। इतिहास गवाह है कि जब भी बांग्लादेश में राजनीतिक अस्थिरता बढ़ती है, कुछ कट्टरपंथी ताकतें भारत विरोध को एक आसान औजार की तरह इस्तेमाल करती हैं। इससे न केवल भीड़ को भड़काया जाता है, बल्कि आंतरिक विफलताओं से ध्यान हटाने का रास्ता भी मिल जाता है। अंतरिम सरकार की निष्क्रियता या मौन सहमति इस आशंका को और मजबूत करती है कि वह या तो इन ताकतों पर नियंत्रण खो चुकी है या फिर उनसे समझौता कर चुकी है। इसमें सबसे घातक है पाकिस्तान का साजिशपूर्ण तरीके से भारत विरोध को हवा देना। भारत द्वारा अपने वीजा केंद्रों को अस्थायी रूप से बंद करना और बांग्लादेशी उच्चायुक्त को तलब करना इस पृष्ठभूमि में एक आवश्यक और संतुलित कूटनीतिक कदम कहा जा सकता है। किसी भी संप्रभु राष्ट्र की यह जिम्मेदारी होती है कि वह विदेशी राजनयिकों और मिशनों की सुरक्षा सुनिश्चित करे। ढाका में भारतीय प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की कोशिशें और वहां प्रशासन की ढुलमुल प्रतिक्रिया यह दशार्ती हैं कि अंतरिम सरकार इस बुनियादी दायित्व को निभाने में विफल रही है। कूटनीति केवल सौहार्द की भाषा नहीं होती, बल्कि यह स्पष्ट संदेश देने का माध्यम भी होती है कि भारत अपने हितों और नागरिकों की सुरक्षा के प्रश्न पर किसी तरह की उदासीनता स्वीकार नहीं कर सकता। इस अशांति का सबसे दर्दनाक और संवेदनशील पक्ष बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं की बिगड़ती स्थिति है। कथित ईशनिंदा के आरोपों में एक हिंदू युवक की पीट-पीटकर हत्या इस बात का प्रमाण है कि कट्टरपंथी तत्वों को अब प्रशासन का कोई भय नहीं रह गया है। जब न्याय भीड़ के हाथों में चला जाए और सरकार अल्पसंख्यक अधिकारों पर केवल औपचारिक बयान जारी करती रहे, तो यह लोकतांत्रिक राज्य की आत्मा पर सीधा प्रहार होता है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय की चुप्पी भी इस संदर्भ में कई सवाल खड़े करती है। मानवाधिकारों और अल्पसंख्यक संरक्षण की दुहाई देने वाले वैश्विक मंच तब मौन क्यों हो जाते हैं, जब यह उल्लंघन रणनीतिक या राजनीतिक समीकरणों के भीतर घटित होते हैं। अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के पुत्र और सलाहकार साजीब वाजेद जॉय का यह कथन कि बांग्लादेश की आग से भारत अछूता नहीं रह सकता, केवल एक राजनीतिक बयान नहीं, बल्कि एक कड़वी सच्चाई है। भारत और बांग्लादेश के बीच हजारों किलोमीटर की साझा सीमा, सांस्कृतिक-सामाजिक रिश्ते और आर्थिक निर्भरता ऐसी है कि ढाका की अस्थिरता का असर स्वाभाविक रूप से भारत के सीमावर्ती राज्यों पर पड़ेगा। अवैध घुसपैठ, कट्टरपंथी नेटवर्कों की सक्रियता और सीमा पार अपराधों का खतरा इस अस्थिरता के साथ बढ़ता ही जाएगा। आगामी फरवरी में प्रस्तावित आम चुनाव बांग्लादेश के लिए एक अवसर हो सकते थे, जिससे वह लोकतांत्रिक प्रक्रिया के जरिए स्थिरता की ओर लौट सके। लेकिन मौजूदा हालात में चुनाव की पारदर्शिता और शांति पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग चुके हैं। कट्टरपंथी ताकतें जनभावनाओं को भड़काकर हिंसा का माहौल बनाए रखने में जुटी हैं, ताकि सत्ता का संतुलन अपने पक्ष में मोड़ा जा सके। अंतरिम सरकार का यह दायित्व है कि वह निष्पक्ष और भयमुक्त चुनाव सुनिश्चित करे, लेकिन अब तक के संकेत बताते हैं कि वह इस चुनौती के सामने कमजोर साबित हो रही है। इस पूरे परिदृश्य में पाकिस्तान की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। दक्षिण एशिया में अस्थिरता फैलाना और भारत के पड़ोस में अशांति, हिंसा एवं आतंक के बीज बोना पाकिस्तान की पुरानी रणनीति रही है। बांग्लादेश में कट्टरपंथी संगठनों और भारत विरोधी तत्वों को वैचारिक, नैतिक और कभी-कभी परोक्ष समर्थन मिलना कोई नई बात नहीं है। पाकिस्तान के लिए यह एक अवसर की तरह है, जहां वह बांग्लादेश की आंतरिक कमजोरियों का फायदा उठाकर भारत के खिलाफ एक और मोर्चा खोल सकता है। सोशल मीडिया अभियानों से लेकर दुष्प्रचार तक, कई संकेत इस ओर इशारा करते हैं कि बांग्लादेश में फैलाई जा रही भारत विरोधी भावना के पीछे पाक की सोच भी सक्रिय है। यह वही रणनीति है, जिसे पाकिस्तान ने अफगानिस्तान और अपने ही देश में अपनाकर पूरे क्षेत्र को अस्थिरता के गर्त में धकेल दिया।

भारत का रुख हमेशा से एक स्थिर, समृद्ध और लोकतांत्रिक बांग्लादेश के पक्ष में रहा है। आर्थिक सहयोग, बुनियादी ढांचे के विकास और मानवीय सहायता के माध्यम से भारत ने यह साबित किया है कि वह अपने पड़ोसी के साथ सहयोगात्मक संबंध चाहता है, न कि वर्चस्ववादी। लेकिन यदि ढाका की अंतरिम सरकार अपनी जमीन का इस्तेमाल भारत विरोधी गतिविधियों और सांप्रदायिक हिंसा के लिए होने देती है, तो द्विपक्षीय संबंधों में आई दरार को भरना बेहद कठिन हो जाएगा। यह केवल कूटनीति का प्रश्न नहीं, बल्कि विश्वास और साझी सुरक्षा का भी मुद्दा है। अंतरिम सरकार के सामने अब दो ही रास्ते हैं। पहला, वह कठोर कार्रवाई कर यह साबित करे कि वह किसी कट्टरपंथी विचारधारा की बंधक नहीं है और कानून का शासन बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध है। दूसरा, वह निष्क्रियता और तुष्टीकरण के रास्ते पर चलते हुए देश को और गहरे संकट में धकेल दे। इतिहास बताता है कि दूसरा रास्ता अंततः लोकतंत्र, अर्थव्यवस्था और सामाजिक ताने-बाने तीनों को नष्ट कर देता है।

बांग्लादेश एक ऐसे समय अराजकता में डूबा है, जब वहां चुनाव सन्निकट है। अब इन चुनावों का सही एवं लोकतांत्रिक तरीके से होना संदिग्ध है। इन चुनावों में शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को भाग लेने से रोकना एवं पाकिस्तानपरस्त जमाते इस्लामी समेत अन्य कट्टरपंथी ताकतों को भी चुनाव लड़ने की छूट देना, अंतरिम युनूस सरकार की कुचेष्टा है। सबसे बड़ी चिन्ता की बात यह है कि चुनाव के बाद वहां इस्लामिक कट्टरपंथियों के वर्चस्व वाली ऐसी सरकार अस्तित्व में आ सकती है, जो भारत के खिलाफ खुलकर काम करते हुए अल्पसंख्यकों के संहार को अंजाम देगी। भारत के लिए इसीलिये भी यह समय केवल चिंता व्यक्त करने का नहीं, बल्कि सतर्क और सक्रिय कूटनीति अपनाने का है। सीमा सुरक्षा को मजबूत करते हुए वैश्विक मंचों पर बांग्लादेश की ताजा घटनाओं को स्पष्टता और तथ्यों के साथ उठाना आवश्यक है। पड़ोस में लगी यह आग यदि समय रहते नहीं बुझाई गई, तो इसकी तपिश केवल बांग्लादेश तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि पूरे दक्षिण एशिया को झुलसा सकती है। स्थिरता, लोकतंत्र और सह-अस्तित्व की रक्षा के लिए यह अनिवार्य है कि बांग्लादेश की मौजूदा अराजकता को एक चेतावनी की तरह लिया जाए, न कि एक क्षणिक राजनीतिक उथल-पुथल के रूप में।

## उदय किशोर साह



### खुल गई अत्याचार की बाजार

कविता

कल कल बहती ये नदियाँ की स्वच्छ धार
लुट गई धरा पे मानवता की थी जो संसार
इन्सानों पर बढ़ रही है हर मोड़ पे अत्याचार
जाति धर्म के नाम पे फल फूल रही व्यापार

जिहाद के नाम पर जल रहा है हमारा पड़ोस
अल्पसंख्यंको के साथ बढ़ रहा है जहाँ विरोध
मार काट की सज गई है हर नुक्कड़ पे तोप
जिनको हमने रचा वो ही कर रहा है हम पे रोष

कौन करेगा अब नैतिकता पर कोई भी विचार
खुल गई है नई नई धर्म के नाम की बाजार
दुश्मन की तेज हो गई है जिहाद के नाम कटार
नित्य ही मानवता पे हो रही है अब क्रूर प्रहार

भला कर भला होगा सुक्ति दीख रहा है अब उल्टा
नीतिशास्त्र की कहानी अब मानव ने है पलटा
मोहब्बत की सूरत अब हो गई है यहाँ पे कुलटा
उग्र भीड़ को देख काँप रहा है रोंगटा रोंगटा

किस स्तर पे आकर मानवता का गिर गया व्यवहार
कल तक जहाँ दोस्ती पे किया जाता था सत्कार
अब मार काट की खोल दी हैएक नफरत की बाजार
जहाँ बिकने को सजी है अत्याचार और अत्याचार

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# मनुष्य आजीवन कामनाओं का दास बना रहकर लोभ,मोह,माया क्रोध व काम में फंसा रहता है



गोंदिया

वर्ष 1972 में 'अपना प्रेम' फिल्म का आनंद बख़्शी द्वारा लिखित गीत, ₹कुछ तो लोग कहेंगे, लोगों का काम है कहना, छोड़ो बेकार की बातों में, कहीं बीत ना जाए रैना₹ तथा बड़े बुजुर्गों की कहावतों को व्यवहारिक जीवन में सटीक सत्यता को सिद्ध होते हुए हम अपने दैनिक जीवन में कई बार सुनते, देखते और महसूस करते रहते हैं परंतु फिर भी उनकी दी हुई सटीक सीख, प्रेरणा और मंत्रों का उपयोग नहीं करके अपनी परेशानी का सारा दोष अपने प्रतिद्वंदीयों, आस-पड़ोस, और आगे कुछ समझ नहीं आया तो ईश्वर अल्लाह पर धकेल देते हैं, मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र माननता हुँ कि यह हमारी सबसे बड़ी मूर्खता है। बड़े बुजुर्गों की कहावतें- आप बैल मुझे मार, दूर के ढोल सुहाने लगते हैं, एक उंगली दूसरे पर उठाते ही तीन उंगलियां तुम्हारी तरफ उठती है, अपनी मस्ती में मस्त रहो सहित अनेक कहावतें जीवन में सटीक बैठती है क्योंकि हमारे दैनिक जीवन में अनेक साधारण बातें और संदेहर हमारे दिनचर्या में परेशानी खड़ी करते हैं इसलिए उनसे बचनें हमें बेपरवाही मंत्र का उपयोग करना होगा। इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से बेपरवाह होने और उसके गुण दोषों पर चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम चिंता, परेशानी को दूर करने बेपरवाह होने का अस्त्र अपनाने की करें तो, लगातार चिंता और संदेह हमें प्रतिदिन परेशान कर सकते हैं और हमारे तनाव का स्तर भी बढ़ा सकते हैं। यह भावनाएँ और उच्च तनाव स्तर हमको कुछ भी करने से और अपनी पसंद की चीजों का आनंद लेने से बाधित कर सकती हैं। अपने मस्तिष्क का थोड़ा सा ध्यान रखिए कि निष्पक्षता भावनात्मक प्रतिबद्धता के समय ही सबसे अच्छी तरह से प्रदर्शित होती है। यह अपनी भावनाओं को छुपाने और लोगों को भयभीत न होने देने की सर्वश्रेष्ठ विधि है। यह आपको किसी मजबूत तथा पाषाण जैसे व्यक्ति के रूप में परिभाषित कर सकती है। लोगों की भावनाओं के प्रति संवेदनशील रहिए। बहुत अधिक बेपरवाही से लोगों को चोट पहुँच सकती है और वे आपसे दूर हो सकते हैं। दुर्भाग्यवश, यह आपके प्रिय को भी, यदि आप सावधान नहीं रहे तो, आपसे दूर कर सकता है करके हम बेपरवाह बन सकते हैं और चीजों को स्वयं को परेशान नहीं करने दे सकते हैं। हम तो मजबूत चीजों से बने हैं और हमको कुछ भी गिरा नहीं सकता है।

साथियों बात अगर हम बेपरवाह नहीं होने याने परवाह करने वाले की करें तो, वे लोग जो उतने बेपरवाह नहीं हैं (आप कह सकते हैं, परवाह करने वाले), अपने जीवन को दूसरों की कही हुयी विधि से बदलने में व्यस्त हैं। वे दूसरों के द्वारा स्वीकार किए जाने, और प्रेम किए जाने के लिए इतना कठोर प्रयास करते हैं ताकि सब कुछ बिल्कुल वैसा ही हो जाये। संक्षेप में, वे बहुत अधिक परवाह करते हैं। और उन चीजों के बारे में, जिनका कुछ अर्थ ही नहीं है। इस जीवन शैली की, और दूसरों के जीवन की हम नकल न करें, अपनी शैली से जीवन जिएँ। हमें दूसरों के कहने की तो परवाह तो बिल्कुल नहीं करना चाहिए- हमें वही करना चाहिए जिससे हमको प्रसन्नता मिले।

*साथियों बात अगर हम बेपरवाह नहीं होने याने परवाह करने वाले की करें तो, वे लोग जो उतने बेपरवाह नहीं हैं (आप कह सकते हैं, परवाह करने वाले), अपने जीवन को दूसरों की कही हुयी विधि से बदलने में व्यस्त हैं। वे दूसरों के द्वारा स्वीकार किए जाने, और प्रेम किए जाने के लिए इतना कठोर प्रयास करते हैं ताकि सब कुछ बिल्कुल वैसा ही हो जाये। संक्षेप में, वे बहुत अधिक परवाह करते हैं।और उन चीजों के बारे में, जिनका कुछ अर्थ ही नहीं है। इस जीवन शैली की, और दूसरों के जीवन की हम नकल न करें, अपनी शैली से जीवन जिएँ। हमें दूसरों के कहने की तो परवाह तो बिल्कुल नहीं करना चाहिए– हमें वही करना चाहिए जिससे हमको प्रसन्नता मिले। साथियों बात अगर हम बेपरवाही में अपनें शारीरिक लैंग्वेज को ढालने की करें तो, हमें अपने हाव भाव का ध्यान रखिए : कभी कभी हम चाहे जितनी शांति और धैर्य की बातें करें, हमारे हाव भाव से रहस्य खुल जाता है। हमारी आवाज तो निकलती है, कोई बात नहीं। चिंता मत करिए, मगर हमारे कानों से धुआँ निकल रहा होता है और मुट्ठियाँ बंधी होती हैं। यह कोई छुपी बात नहीं होगी क्योंकि सभी लोग असलियत तो समझ ही जाएँगे। इसलिए जब हम बेपरवाही से बोल रहे हों, तब सुनिश्चित करें कि हमारा शरीर भी उसका समर्थन करे। हमारा शरीर कैसे स्थापित होगा, यह हमारी परिस्थिति पर निर्भर करेगा। जब तकहम चिंतित और परेशान (और बेपरवाह ह्लनहींह्व) होंगे तब मुख्य बात यह होगी कि हमारी मांसपेशियाँ तनी होंगी। यदि हम सोचते हैं कि हमारे हाव भाव से बात खुल जाएगी, तब अपने शरीर को ऊपर से नीचे तक देखिये और जानबूझ कर यह तय करिए कि हर भाग शांत रहे। यदि ऐसा नहीं हो, तब उसे ढीला करिए। मानसिक बेपरवाही यहीं से आएगी। साथियों बात अगर हम बेपरवाह पर रहीम के दोहे और उसके अर्थ की करें तो चाह गई चिंता मिटी, मनुआ बे परवाह। जिनको कछू न चाहिए, वे साहन के साह।। इसका अर्थ: एक कामना पूरी होती है तो दूसरी कामना सिर उठाती है। कामनाओं को कैसे सिद्ध किया जाए, इसी चिंता में मनुष्य घुलता रहता है। वह जीवन को पूरी समग्रता से नहीं जी पाता। वह आजीवन कामनाओं का दास बना रहकर लोभ, मोह, माया, क्रोध व काम में फंसा रहता है। उसका एक पल भी शांतिपूर्वक व्यतीत नहीं होता। इसके विपरित रहीम कहते हैं, यदि कामना न रहे, चाह का लोप हो जाए तो चिंता से मुक्ति मिल जाती है। सिर से सारा बोझ उतर जाता है और मन निश्चिंत और लापरवाह हो जाता है। सच तो यह है कि जिनको कुछ नहीं चाहिए होता, जो कामना रहित होते हैं, वे शाहों के भी शाह होते हैं।*

साथियों बात अगर हम बेपरवाही में अपनें शारीरिक लैंग्वेज को ढालने की करें तो, हमें अपने हाव भाव का ध्यान रखिएः कभी कभी हम चाहे जितनी शांति और धैर्य की बातें करें, हमारे हाव भाव से रहस्य खुल जाता है। हमारी आवाज तो निकलती है, कोई बात नहीं। चिंता मत करिए, मगर हमारे कानों से धुआँ निकल रहा होता है और मुट्ठियाँ बंधी होती हैं। यह कोई छुपी बात नहीं होगी क्योंकि सभी लोग असलियत तो समझ ही जाएँगे। इसलिए जब हम बेपरवाही से बोल रहे हों, तब सुनिश्चित करें कि हमारा शरीर भी उसका समर्थन करे। हमारा शरीर कैसे स्थापित होगा, यह हमारी परिस्थिति पर निर्भर करेगा। जब तकहम चिंतित और परेशान (और बेपरवाह ह्लनहींह्व) होंगे तब मुख्य बात यह होगी कि हमारी मांसपेशियाँ तनी होंगी। यदि हम सोचते हैं कि हमारे हाव भाव से बात खुल जाएगी, तब अपने शरीर को ऊपर से नीचे तक देखिये और जानबूझ कर यह तय करिए कि हर भाग शांत रहे। यदि ऐसा नहीं हो, तब उसे ढीला करिए। मानसिक बेपरवाही यहीं से आएगी। साथियों बात अगर हम बेपरवाह पर रहीम के दोहे और उसके अर्थ की करें तो चाह गई चिंता मिटी, मनुआ बे परवाह। जिनको कछू न चाहिए, वे साहन के साह।। इसका अर्थः एक कामना पूरी होती है तो दूसरी कामना सिर उठाती है। कामनाओं को कैसे सिद्ध किया जाए, इसी चिंता में मनुष्य घुलता रहता है। वह जीवन को पूरी समग्रता से नहीं जी पाता। वह आजीवन कामनाओं का दास बना रहकर लोभ, मोह, माया, क्रोध व काम में फंसा रहता है। उसका एक पल भी शांतिपूर्वक व्यतीत नहीं होता। इसके विपरित रहीम कहते हैं, यदि कामना न रहे, चाह का लोप हो जाए तो चिंता से मुक्ति मिल जाती है। सिर से सारा बोझ उतर जाता है और मन निश्चिंत और लापरवाह हो जाता है। सच तो यह है कि जिनको कुछ नहीं चाहिए होता, जो कामना रहित होते हैं, वे शाहों के भी शाह होते हैं।

साथियों बात अगर हम बेपरवाह होने के अर्थ को स्वयं को गंभीरता से ना लेने, हर स्थिति में हास्य खोजने की करें तो,स्वयं को (या किसी भी और चीज को) बहुत गंभीरता से नां लेंः सारा जीवन तब कहीं अधिक सरल हो जाता है जब हमर इस निर्णय पर पहुँच जाते हैं कि कोई भी बात इतनी बड़ी नहीं है। हम सभी इस धरती पर एक रेत के कण के समान हैं और यदि सब कुछ हमारे हिसाब से ठीक नहीं हो रहा है, तब मान लीजिये कि ऐसा ही होना था। बुरी चीजें होंगी और अच्छी चीजें भी अवश्य ही होंगी। इसके बारे में परेशान क्यों हुआ जाये? हर स्थिति में हास्य खोजिए- बेपरवाह होने का अर्थ यह नहीं है कि आप प्रसन्न नहीं रहेंगे, इसका अर्थ है कि आप जल्दी ही परेशान, नाराज, या तनावग्रस्त नहीं हो जाएंगे। और यह किया कैसे जाएगा? जब प्रत्येक वस्तु हास्यप्रद हो, तब यह अच्छी शुरूआत होगी। जिस प्रकार से हर बात में कुछ अच्छी बात अवश्य होती है, अधिकांश चीजों में हास्य का पुट भी होता ही है। अपनी ढेरों भावनाओं का प्रदर्शन मत करिएः बेपरवाह की परिभाषा ही है कि वह लगभग 24/7 धैर्यवान और शांत बने रहें। आप हल्की फुली रुचि या प्रसन्नता प्रदर्शित कर सकते हैं-या थोड़ी निराशा और परेशानी भी-परंतु अंदर से आपमें गहरी झील जैसी जैसी शांति बनी रहती है। इसका अर्थ यह नहीं है कि आप भावना रहित या ठंढे रहेंगे, यह तो शांत रहने की बात है। साथियों बात हम बेपरवाह होने पर ध्यान रखने वाली बातों की करें तो, निष्पक्षता भावनात्मक प्रतिबद्धता के समय ही सबसे अच्छी तरह से प्रदर्शित होती है। यह अपनी भावनाओं को छुपाने और लोगों को भयभीत न होने देने की सर्वश्रेष्ठ विधि है। यह हमको किसी मजबूत तथा पाषाण जैसे व्यक्ति के रूप में परिभाषित कर सकती है। लोगों की भावनाओं के प्रति संवेदनशील रहिए। बहुत अधिक बेपरवाही से लोगों को चोट पहुँच सकती है और वे आपसे दूर हो सकते हैं। दुर्भाग्यवश, यह आपके प्रिय को भी, यदि आप सावधान नहीं रहे तो, आपसे दूर कर सकता है

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि बेपरवाह, साधारण बातों और संदेह से खुद को परेशानी से बचाने बेपरवाह होना एक सटीक मंत्र हैं। साधारण बातों से आए हाईटेंशन को भगाने अपने मस्तिष्क का थोड़ा पुनर्केंद्रीकरण कर बेपरवाही रूपी अस्त्र का प्रयोग जरूरी है।

# ऑपरेशन सवेरा-2,0 के तहत इंस्पेक्टर राधेश्याम यादव ने गांव नकुड गंगोह बॉर्डर के ग्राम नई नांगली उर्फ माजरी पंहुचकर ग्राम वासियों के साथ की बैठक






**वेलकम इंडिया,राजीव चौधरी**

**रामपुर मनिहारान।** पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र-ऊकऋ अभिषेक सिंह के सख्त एक्शन के चलते व एसएसपी आशीष तिवारी के दिशा निर्देश पर ऑपरेशन सवेरा-2,0 के चलते तेज तर्रार इंस्पेक्टर राधेश्याम यादव ने गांव नकुड गंगोह बॉर्डर के ग्राम नई नांगली उर्फ माजरी पंहुचकर ग्राम वासियों के साथ की बैठक इंस्पेक्टर राधेश्याम यादव ने कहा नशे की दलदल में फंसना,स्वास्थ्य व परिवार दोनों के लिए बेहद खतरनाक है, इसलिए नशे की लत से दूर रहे इंस्पेक्टर राधेश्याम यादव ने कहा यदी कोई भी शख्स गांव या फिर आसपास नशे का कारोबार करते हुए पाया गया तो,छोडूंगा नहीं सख्त से सख्त कार्रवाई होगी। नशा मुक्ति को लेकर पुलिस प्रशासन इस समय अलर्ट मोड़ पर है ।इस अभियान के चलते गांव गांव शहर शहर पुलिस टीमे चौपालें लगाकर ग्राम वासियों को बार बार जागरूक करने की कोशिश कर रही है,कि नशा करना स्वास्थ्य-शरीर व परिवार के लिए बेहद ही खतरनाक है, इसलिए नशे के अंधकार से दूर रहे और ना ही नशे का कारोबार करे ।ऑपरेशन सवेरा -2,0 अभियान के चलते थाना रामपुर मनिहारान पुलिस ने पुलिस टीम के साथ गांव पहुंचे जहां पर उन्होंने एक चौपाल लगाकर ग्रामीणों से कहा,कि पुलिस तभी सफल होगी जब ग्रामीण खुद नशे के खिलाफ खड़े होकर पुलिस प्रशासन का सहयोग करेंगे। इंस्पेक्टर राधेश्याम यादव ने कहा,कि या तो नशे का कारोबार वह स्वयं बंद कर दें,नहीं तो उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करूंगा ।उनका कहना है,कि इस नशे की दल दल में फंसकर आजकल की युवा पीढी अपने शरीर व अपने परिवार का नाश करने में लगी है,इसलिए नशे की लत से दूर रहकर निरोगी बने ।उन्होंने इस चौपाल में नशे का कारोबार करने वालो की सूचना तत्काल पुलिस प्रशासन को भी देने की बात कही,और साथ ही साथ,उन्होंने उनका नाम गुप्त रखने की बात भी कही ।बैठक में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण महिलाओं/बच्चे एवम युवाओं ने सहभागिता दिखाते हुए शपथ ली।

# मेरठ रैपिड रेल में कथित अश्लील कृत्य का वीडियो वायरल

**वेलकम इंडिया**



**मेरठ।** मेरठ मुरादनगर के बीच संचालित रैपिड रेल में कथित रूप से हुई अश्लील हरकत का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने से हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार, यह घटना ट्रेन के कोच के भीतर घटित हुई, जहां उस समय अन्य यात्री भी मौजूद थे। बताया जा रहा है कि कोच में लगे सीसीटीवी कैमरों में यह दृश्य रिकॉर्ड हुआ, जिसके बाद वीडियो के सार्वजनिक होने की चर्चा सामने आई ।इस प्रकरण ने रैपिड रेल की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं ।विशेष रूप से महिलाओं और नाबालिगों की सुरक्षा को लेकर चिंताएं और गहरी हो गई हैं। यदि यह दृश्य वास्तव में सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हुआ था, तो यह एक अत्यंत संवेदनशील प्रश्न है कि ऐसा फुटेज सार्वजनिक कैसे हुआ और इसके प्रसार को समय रहते क्यों नहीं रोका गया ।कानून विशेषज्ञों और सामाजिक संगठनों का कहना है कि ऐसे मामलों में सबसे पहले पीड़ित की पहचान, गरिमा और गोपनीयता की रक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। अश्लील कृत्य में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई आवश्यक है, लेकिन इसके साथ-साथ संवेदनशील वीडियो को प्रसारित करने वालों पर भी समान रूप से कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। कानून के अनुसार, किसी भी आपत्तिजनक या संवेदनशील दृश्य का प्रसार स्वयं में गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है ।यह मामला न केवल रैपिड रेल प्रशासन की निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था की कमियों को उजागर करता है, बल्कि यह भी दशार्ता है कि सुरक्षा के उद्देश्य से लगाए गए सीसीटीवी कैमरों का दुरुपयोग किस प्रकार पीड़ितों के अधिकारों का हनन कर सकता है ।अब आवश्यकता है कि संबंधित जांच एजेंसियां पूरे प्रकरण की निष्पक्ष और गहन जांच करें, दोषियों को कड़ी सजा दिलाई जाए तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाए जाएं।

# सोशल मीडिया पर भी एक्टिव हो गए थानाध्यक्ष सतेंद्र मलिक

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**बिजनौर नांगल थाना ।** साइबर ठगी के शिकार हो रहे लोगो को ऐसी घटनाओं से बचाने के लिए जिले के पुलिस कप्तान अभिषेक झा बेहद गंभीर है, उन्होंने जिले के सभी थानों के थाना प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि साइबर ठगी से बचाओ को लेकर जागरूकता अभियान में तेजी लाई जाएं।इसी के अनुपालन में नांगल थानाध्यक्ष सतेंद्र मलिक ने भी कमर कस ली है। थानाध्यक्ष सतेंद्र मलिक ने संयुक्त रूप से दैनिक आज को बताया कि जनपद बिजनौर की आम जनता को साइबर अपराधों से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से साइबर जागरूकता से संबंधित दो महत्वपूर्ण वीडियो तैयार कि गई हैं।इन वीडियो में आज-कल हो रहे विभिन्न प्रकार के साइबर फ्रॉड के तरीकों, उनसे बचाव के उपाय तथा आवश्यक सावधानियों की सरल व उपयोगी जानकारी दी गई है। इन वीडियो को देखने व साझा करने से लोग ठगों के तरीकों को समय रहते समझ सकेंगे, जिससे आर्थिक एवं मानसिक नुकसान से बचाव संभव हो सकेगा। जनपद बिजनौर के सभी थाना क्षेत्रों के समस्त सोशल मीडिया ग्रुपों में इन वीडियो को अधिक से अधिक साझा किया जा रहा है, ताकि प्रत्येक नागरिक इन्हें देख सके और साइबर फ्रॉड के तरीको से जागरूक हो सके।

# विवेक हॉस्पिटल बिजनौर के तत्वावधान में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**चांदपुर :** विवेक हॉस्पिटल बिजनौर के तत्वावधान में चांदपुर तहसील के ग्राम नारनौर में स्थित एसआरके शिक्षा संस्थान में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 279 मरीजो ने अपना पंजीकरण कराया। 69 नेत्र रोगियों को मोतियाबिंद की शिकायत होने पर ऑपरेशन के लिए चुना गया। विवेक हॉस्पिटल बिजनौर के चेयरमैन अमित गोयल के कुशल निर्देशन में चांदपुर तहसील के ग्राम नारनौर में नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सा शिविर में फिजिशियन एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ चिकित्सको?? ने मरीजों का चेकअप किया तथा उनको आवश्यक परामर्श दिया।शिविर में सभी मरीजों का वजन, लंबाई, ब्लड प्रेशर, एवं शुगर की जांच की गई।इसके बाद संबंधित टेबल पर भेज कर चिकित्सकों से चेकअप कराया गया। डॉ अर्चित ने बताया कि शिविर में लगभग 69 मोतियाबिंद रोगियों का चयन किया गया। मरीजों की सुविधा के लिए विवेक हॉस्पिटल की एक बस ग्राम नारनौर से बिजनौर विवेक हॉस्पिटल लेकर जायेगी। अस्पताल में नेत्र रोग विशेषज्ञ ऑपरेशन करेंगे। इसके उपरांत मरीजों की ग्राम नारनौर तक सकुशल वापसी कराई जाएगी। मरीजों ने विवेक हॉस्पिटल द्वारा लगाए गए निशुल्क चिकित्सा शिविर की प्रशंसा की। नेत्र चिकित्सा शिविर में मार्केटिंग मैनेजर संजीव शर्मा, ऑपरेशन मैनेजर अरुज रजा जैदी, डॉ अर्चित कुमार, स्पर्श सोती, विनय शर्मा वरिष्ठ नर्सिंग एवं फार्मासिस्ट स्टाफ ,लवकुश शर्मा, अभिषेक वालिया, आस्था चौधरी के अलावा,वरिष्ठ पत्रकार अजय कुमार कौशिक, यशपाल सिंह, सतीश कुमार, निशांत कुमार, राजकुमार, ऋतिक कुमार, विशाल कुमार, निर्मल कुमार, कार्तिक कुमार, आदित्य कुमार , पुकार शर्मा, अनुज कुमार आदि का सहयोग।

# किरतपुर अनाज मंडी में किराने की दुकान में हजारों रुपए की चोरी

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**बिजनौर।** बिजनौर के किरतपुर नगर के मुख्य बाजार स्थित पुरानी अनाज मंडी में एक किराने की दुकान में शुक्रवार की रात्रि अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरों द्वारा दुकान की छत से जीने की दीवार में कुम्बल लगाकर लगभग 25 हजार रुपए की नगदी और कुछ सामान सहित लगभग 50 हजार रुपए की चोरी की घटना कौन जम दिया गया है।

यह दुकान अनुपम ट्रेडर्स के नाम से अनुपम गोयल और अमन गोयल संचालित करते हैं। दुकान मालिक अनुपम गोयल ने बताया कि उन्होंने शुक्रवार की देर शाम लगभग 8 बजे दुकान बंद की थी शनिवार की सुबह जब वह दुकान पर पहुंचे तो उन्होंने जीने का दरवाजा खुला पाया और दीवार में कुम्बल किया हुआ था। चोरी की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही कस्बा इंचार्ज दीपक नागर मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का मुआयना किया। उन्होंने दुकान के आसपास लगे सभी सीसीटीवी कैमरा की फुटेज भी खंगालीं। दुकान मालिक द्वारा थाने में चोरी की तहरीर दे दी गई है। कस्बा इंचार्ज दीपक ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज की मदद से जल्द ही चोरी की घटना का खुलासा किया जाएगा। थाना प्रभारी पुष्पा देवी ने भी शीघ्र ही मामले का पदार्फाश करने का आश्वासन दिया। पुलिस द्वारा नगर के मुख्य बाजारों और चौराहों पर रात्रि गश्त बढ़ाई जा रही है, जिसके चलते संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच की जा रही है, ताकि अपराधों पर नियंत्रण रखा जा सके और शांति व्यवस्था बनी रहे।

# ओवरलोड और ओवरहाइट वाहनों के खिलाफ कार्यवाही की मांग, सौंपा ज्ञापन




**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

जनपद बिजनौर नजीबाबादभारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति जिलाध्यक्ष चौ.वीर सिंह सहरावत के नेतृत्व में किसान तहसील परिसर पहुचे, जहां उन्होंने एक ज्ञापन तहसीलदार डॉक्टर संतोष कुमार यादव को सौंपा। जिसमें बताया कि उत्तम शुगर मिल बरकातपुर के क्रय केंद्रों से गन्ने के ओवरलोड और ओवरहाइट वाहन रात दिन सडकों पर बेखौफ दौड़ रहे हैं, ऐसे में सडकों पर चलने वाले राहगीरों की जान माल का खतरा बना रहता है और इनका परिवहन विभाग में भी रजिस्ट्रेशन नहीं है इससे परिवहन विभाग को भी राजस्व की हानि हो रही है, क्षेत्र में इनके द्वारा कोई अप्रिय घटना घटित हो इससे पहले नियमानुसार कार्यवाही करके अंकुश लगाया जाए, अन्यथा की स्थिति में भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति संगठन के बैनर तले ऐसे वाहनों को सडकों पर रोककर आंदोलन किया जाएगा इस मौके पर संगठन के जिलाध्यक्ष चौ.वीर सिंह सहरावत, मंडल प्रभारी जग्गन अली, जिला महासचिव अजयपाल सिंह, युवा ब्लाक अध्यक्ष नजीबाबाद नितिन ललेरा, जाहिद मलिक, हिमांशु सहरावत आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# नजीबाबाद के मेजर दानिश का जम्मू में हुआ सम्मान

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**




जनपद बिजनौर जम्मू भारत सरकार की खेलो इंडिया पहल के अंतर्गत अरटकळअ योजना के तहत सॉफ्ट टेनिस नॉर्थ जोन प्रतियोगिता का जम्मू में भव्य शुभारंभ किया गया। इस राष्ट्रीय स्तर के आयोजन का शुभारंभ मुख्य अतिथि मेजर दानिश ने डिविजनल सपोर्ट ऑफिसर के रूप में स्वयं खेलकर किया।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली, चंडीगढ़, जम्मू कश्मीर, पंजाब एवं हरियाणा से आई बालिकाओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया। मेजर दानिश ने खिलाड़ियों से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया और खेल को अनुशासन, आत्मविश्वास एवं राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम बताया कार्यक्रम के दौरान आयोजकों द्वारा मेजर दानिश का पुष्पगुच्छ एवं शॉल भेंट कर सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया। उपस्थित खेल अधिकारियों, प्रशिक्षकों एवं खिलाड़ियों ने उनके खेल एवं युवाओं के प्रति समर्पण की सराहना की।

उल्लेखनीय है कि नजीबाबाद निवासी मेजर दानिश निरंतर देश के विभिन्न भागों में अपने कार्य, अनुशासन और सामाजिक-राष्ट्रीय योगदान के माध्यम से नजीबाबादब बिजनौर का नाम रोशन करते आ रहे हैं।

# मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के मंदिर परिसर में गत वर्षो के भांति इस वर्ष भी विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारा से पूर्व मंदिर में विधिवत हवन यज्ञ किया गया। भंडारा में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ कमाया। इस मौके पर डॉक्टर कुलदीप सिंह, डॉक्टर तुषार शर्मा, डॉक्टर राहुल, डॉक्टर रंगलाल, चीफ फार्मासिस्ट सुंदरलाल, मनोज त्यागी गुरनाम सिंह, आशा रेखा रानी आदि रहे।

# सपा नेता के घर में घुसकर फायरिंग, चेहरे पर लगे छर्रे

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**

**मेरठ।** परतापुर थाना क्षेत्र के भूडबराल गांव में शुक्रवार रात गांव निवासी एक युवक ने सपा नेता ललित विकल के घुर में घुसकर तमंचे से फायरिंग की दी। फायरिग में सपा नेता चेहरे पर छर्रे लगने से घायल हो गया। फायरिंग की आवाज सुनकर पहुंचे सपा नेता के परिवार के लोगों ने आरोपी को पकड लिया। घटना से गांव में हडकंप मच गया। सूचना पर पुलिस ने आरोपी को



हिरासत में लेकर सपा नेता को उपचार के लिए भेजा। भूडबराल निवासी ललित विकल सपा कार्यकर्ता है और वार्ड 20 से जिला पंचायत सदस्य पद पर चुनाव लडने की तैयारी कर रहे है तहरीर के अनुसार बीतीरात गांव में एक दुकान पर चाय पीने के लिए गया था। इसी दौरान गांव निवासी अंकित अपनी कार लेकर सिगरेट पीने के लिए पहुंचा और ललित के साथ गाली गलौच करने लगा। विवाद से बचने के लिए ललित दुकान से उठकर घर चला गया। कुछ देर बाद अंकित उसके घर पहुंचा और गाली देने लगा। आवाज सुनकर ललित की मां संतरेश देवी और पिता विनोद बाहर निकले ललित को देखते ही अंकित ने तमंचे से फायर झौक दिया। गोली ललित के जैकेट की बाजू का चीरती हुई निकल गई जबकि गोली के कुछ छर्रे ललित के चेहरे पर जा लगे।

# नगर पंचायत गरुड़ की बोर्ड बैठक में दो प्रस्ताव हुए पारित

**वेलकम इंडिया**



**गरुड़,** दिनेश नेगी, गरुड़ नगर पंचायत की पंचायत सभागार में बोर्ड बैठक हुई ।बोर्ड बैठक में नगर पंचायत के विकास के एजेंडे पर चर्चा हुई ।नगर पंचायत अध्यक्ष भावना वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सभासदों ने नगर में आवारा पशुओं से नगरवासियों को निजात दिलाने, और

राममंदिर वार्ड में पेयजल लाइन की मरम्मत करने का प्रस्ताव पारित किया गया ।जिसमें सर्वसम्मति से बोर्ड वैठक में नगर में अपने पशुओं को आवारा छोड़ने वालों पर सख्ती करते हुए पशुओं को आवारा छोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई और नगर पंचायत द्वारा ऐसे पशुपालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए भारी जुमार्ना लिए जाने, साथ ही नगर के राममंदिर वार्ड में पेयजल लाइन की मरम्मत करने हेतु ढाई लाख की स्वीकृति प्रदान की गई ।साथ ही राहत, फुलवाड़ी गूंठ में पेयजल लाइन व पेयजल टंकी रिपेयरिंग के लिए ढाई लाख जारी किए गए है। नगर पंचायत अध्यक्ष भावना वर्मा ने कहा कि नगर को आवारा पशुओं से निजात दिलाने हेतु सभी नगरवासी अपने वार्डो में पशुओं को आवारा छोड़ने वालों की सूचना नगर पंचायत को दें, जिससे नगर में आवारा पशुओं को छोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके ।उन्होंने नगर के समुचित विकास में सभी नगरवासियों से सहयोग की अपील की ।इस दौरान बोर्ड बैठक में सभी वार्डो के सभासद सहित प्रभारी अधिशासी अधिकारी धीरज कांडपाल आदि मौजूद थे।

# भाजपा कार्यालय में विभिन्न मोर्चा पदाधिकारियों का हुआ स्वागत

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर**, भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में आयोजित बैठक में विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। वक्ताओं ने कहा कि अटल बिहारी बाजपेई के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आदर्श स्मृति दिवस मनाया जाएगा। जिले के प्रत्येक मंडल में 26 तारीख तक अलग-अलग कार्यक्रम किए जाएंगे।

जिलाध्यक्ष प्रभा गड़िया की अध्यक्षता में हुई बैठक में कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया गया। कबि सम्मेलन का कार्यक्रम गरुड़ मंडल में, चित्रकला प्रतियोगिता बजयूला मंडल में, रंगोली प्रतियोगिता का कार्यक्रम नगर मंडल में होगा। प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम ग्रामीण मंडल में, भाषण प्रतियोगिता का कार्यक्रम कपकोट मंडल में, निबंध प्रतियोगिता के कार्यक्रमसंपादकीय एवं लेखन भी नगर मंडल में होगा।इसके लिए कार्यक्रम संयोजक जिला महामंत्री संजय परिहार होंगे। मुख्य वक्ता पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल ने अटल बिहारी बाजपेई के कार्यकाल में किए गए कार्यों तथा उत्तराखंड राज्य के विकास पर उनके योगदान पर चर्चा की।साथ ही उनके द्वारा चलाई गई प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना व प्रधानमंत्री आवास योजना से देश के ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में उनके योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम को विधायक सुरेश गड़िया व पार्वती दास ने भी संबोधित किया। इसके बाद महिला मोर्चा की अध्यक्ष रेखा गोस्वामी, युवा मोर्चा अध्यक्ष आदर्श कठायत, किसान मोर्चा उम्मेद सिंह रावल तथा ओबीसी मोर्चा लोकनाथ गोस्वामी को सम्मानित किया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष शोभा आर्य, भाजपा जिला महामंत्री घनश्याम जोशी, खड़क सिंह टंगड़िया, भगवान भंडारी आदि मौजूद थे।

## बाबा रामसेवक का हार्ट अटैक से हुआ निधन गंगा घाट पर किया गया अंतिम संस्कार

**रामघाट/बुलंदशहर**/ बाबा रामसेवक शर्मा के हार्ट में प्रॉब्लम होने के कारण इलाज के दौरान हुआ निधन रामघाट गंगा घाट पर अंतिम दाह संस्कार किया गया। आपको बता दें बाबा रामसेवक शर्मा जरगवां मौहल्ला ब्रह्मपुरी निवासी अपने भतीजों के पास एक दिन पूर्व खुर्जा गए थे वहां पर अचानक हार्ट में प्रॉब्लम होने लगी जिनको परिजनों ने अलीगढ़ मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था जिनका इलाज के दौरान गत रात्रि में निधन हो गया ये करीब 80 वर्ष के थे उनके निधन पर महामंडलेश्वर सुरेंद्रानंद गिरि महाराज रामघाट ने दुःख प्रकट किया। अंतिम शव यात्रा में गांव के भाजपा नेता सत्यवीर सिंह यादव बबलू शर्मा कृष्ण शर्मा योगेश भारद्वाज पत्रकार लोकेश भारद्वाज जयप्रकाश शर्मा पन्नालाल पाठक प्रधान पति लक्ष्मण शर्मा रामघाट प्रदीप कुमार अग्रवाल भूप सिंह यादव सहित आदि ग्रामीण शामिल हुए।

# राजकीय कन्या इंटर कॉलेज अड़ींग में मनाया गया वार्षिकोत्सव



वेलकम इंडिया

**मथुरा** / अड़ींग।स्थानीय राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, अड़ींग में वार्षिक उत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह अत्यंत हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय की छात्राओं ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन कर उपस्थित अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि यशपाल सिंह एडीआइओएस एसआइआर द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त अध्यापिका श्रीमती शांति वर्मा, श्रीमती सिंधु शर्मा एवं श्रीमती इंद्रा कमल ने शिरकत की।इसके अतिरिक्त राजकीय मॉडल स्कूल जैत से डॉ. अलका कुलश्रेष्ठ और राजकीय भारतीय इंटर कॉलेज अड़ींग से सोहन सिंह, गौरव भार्गव एवं श्रीमती ज्योति उपस्थित रहे। प्रधानाचार्य श्रीमती मीना पांडे ने सभी आगंतुक अतिथियों का पटका पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर भव्य स्वागत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मेधावी सम्मान उत्सव के दौरान छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें लोक नृत्य और गीतों की शानदार प्रस्तुति दी गई।

# आवारा पशुओं को निराश्रित छोड़ने वालों पर नगर पंचायत अध्यक्ष खफा



वेलकम इंडिया

**गरुड़**, दिनेश नेगी, नगर पंचायत गरुड़ में नगर में पशुपालकों द्वारा अपने पशुओं को निराश्रित छोड़ने से नगर पंचायत अध्यक्ष काफी खफा हो गई।नगर में छोड़े जा रहे पशुओं को नगर में सुरक्षित स्थान दिलाने, पंचायत द्वारा ऐसे आवारा पशुओं को गौसदन में भेजने हेतु सभी गौसेवकों, गौसदन संचालित करने वालों से सहयोग देने की अपील की है।दुधारू पशुओं को बूढ़ा होने पर दूध नही देने,पर पशुपालकों द्वारा अमानवीय तरीके से पशुओं को गौशाला में रखने और उनकी सेवा करने के बजाय उन्हें आवारा छोड़ने को बेहद शर्मनाक बताया, साथ ही सरकार और जिला प्रशासन से ऐसे पशुपालकों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई का प्रावधान किए जाने की अपील की है।नगर पंचायत अध्यक्ष आरती वर्मा ने नगर पंचायत ईओ और अन्य कर्मियों के साथ नगर का निरीक्षण कर आवारा घूम रहे पशुओं को सुरक्षित स्थान पर भेजने का बेड़ा उठाया है।अध्यक्ष आरती वर्मा ने कहा कि ठंड के मौसम में बेसहारा आवारा पशु नगर में भोजन की तलाश में भटकते है।ऐसे बेजुबान पशु सड़क किनारे और खेत खलिहानों में मजबूरी में भोजन की तलाश में भटकते हुए खेतों को नुकसान पहुंचाते हैं।

# गीता शोध संस्थान में रसखान के बोल का नाट्य रिहर्सल



वेलकम इंडिया

**मथुरा**/वृन्दावन। गीता शोध संस्थान, वृन्दावन के प्रशिक्षुओं ने संगीतमय नया नाट्य ह्यरसखान के बोलह्न तैयार किया है। इस भावपूर्ण नाट्यझसंगीत प्रस्तुति के मंचन की तैयारी की जा रही है। यह नाट्य प्रस्तुति भगवान श्रीकृष्ण के परम भक्त रसखान के जीवन एवं उनकी अनन्य भक्ति पर आधारित है।

इस नाट्य मंचन का रिहर्सल गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी के सभागार में प्रशिक्षकों द्वारा कराया जा रहा है। इस नाट्य मंचन की परिकल्पना एवं निर्देशन संस्थान के निदेशक प्रो. दिनेश खन्ना द्वारा किया गया है। इस नाट्य मंचन का संयोजन व समन्वयन चंद्र प्रताप सिंह सिकरवार का है। इस नाट्य को भावपूर्ण ढंग से इस प्रकार प्रस्तुत किया गया है कि रसखान तुर्की से आकर वृन्दावन में श्रीकृष्ण की अनन्य भक्ति में लीन हो जाते हैं। उन्होंने अमर पदों की रचना कर अपने कृष्णझप्रेम को अभिव्यक्त किया। यह मंचन रसखान के जीवन के आध्यात्मिक परिवर्तन, वैराग्य एवं ब्रजझभक्ति पर केंद्रित है। संगीत एवं वाद्य संयोजन में आकाश शर्मा हारमोनियम एवं गायन पर, मनमोहन कौशिक सारंगी पर, दीनानाथ बांसुरी पर तथा सुनील पाठक तबला पर संगत दे रहे हैं। वस्त्र विन्यास रितु सिंह द्वारा किया गया है। इस नाट्य मंचन में देश के विभिन्न स्थानों से आये वे बच्चे भाग ले रहे हैं जो वृंदावन में कर्मकांड भागवत कथा सीखने को रह रहे हैं। इनमें यश तिवारी (सीहोर), भगवत शर्मा (नरसिंहपुर, मध्य प्रदेश), विशंभर दयाल शुक्ला (सीतापुर), हेमंत शर्मा (विदिशा, मध्य प्रदेश), प्रतीक शर्मा (बरेली), सुमित (गोधूलिपुरम, वृन्दावन), मनु शर्मा (चामुंडा, वृन्दावन), योगेंद्र दीक्षित (नर्मदापुरम/वृन्दावन), हर्षित शुक्ला (सीतापुर), रविकांत पांडे (चित्रकूट), अनंत अवस्थी (रायबरेली), नवनीत कुमार पांडे (झारखंड) तथा प्रिया (वृन्दावन) इस मंचन में अलग अलग भूमिका निभा रहे हैं।

# बेटी को स्कूल छोड़ने गए युवक को हार्ट अटैक

वेलकम इंडिया




**बुलंदशहर**। शनिवार सुबह एक युवक की अचानक मौत हो गई। वह अपनी बेटी को एक निजी स्कूल छोड़ने गया था। बेटी जैसे ही स्कूल के गेट से अंदर गई, तभी युवक के सीने में अचानक तेज दर्द उठा। दर्द होने पर युवक स्कूल के दरवाजे को पकड़कर जमीन पर बैठ गया और कुछ ही पलों में बेहोश होकर स्कूल परिसर में ही गिर पड़ा। घटना के बाद स्कूल प्रशासन ने तुरंत युवक को उठाया और अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

डॉक्टरों के अनुसार युवक की मौत हार्ट अटैक से हुई है। इस घटना का वीडियो दोपहर में सामने आया है। मामला स्याना कोतवाली क्षेत्र का है। मोहल्ला हापुड़ रोड निवासी तारीक मेवाती (40) पुत्र भोलू खां मेवाती अपने परिवार के साथ रहते थे। जिनकी एक बेटी अलबीरा (4) है। शनिवार सुबह अपनी बेटी को नगर के आडीएल स्कूल छोड़ने पहुंचे थे। बेटी के स्कूल में प्रवेश करते ही अचानक तारीक की तबीयत बिगड़ गई और वह स्कूल परिसर में ही बेहोश होकर गिर पड़े। इस घटना से स्कूल स्टाफ और वहां मौजूद अभिभावकों में हड़कंप मच गया। घटना के तुरंत बाद स्कूल प्रशासन ने परिजनों को सूचना दी परिजन उन्हें पहले निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से हालत गंभीर होने पर बुलंदशहर स्थित डॉ. एस.के. गोयल के निजी अस्पताल रेफर किया गया। वहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# सर्वाइकल कैंसर के विरुद्ध अभियान

वेलकम इंडिया




**मथुरा**। अन्धता निवारण एवं दिव्यांग जनों की सेवा में समर्पित संस्था कल्याणं करोति नेत्र संस्थान मथुरा - गोवर्धन रोड जचौंदा एवं स्प्रिंग होप कैंसर फाउंडेशन नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में 21 दिसंबर (आज) रविवार को सर्वाइकल कैंसर के विरुद्ध अभियान -जागरण से निवारण तक का शुभारंभ होना है। प्रातः 11 बजे से शुरू होने वाले इस अभियान को आशा बहनों के सहयोग से गति दी जाएगी। नेत्र संस्थान आशा बहनों को अपने संसाधनों से यथा संभव सहयोग प्रदान करेगा। विशेषज्ञों द्वारा उन्हें तकनीकी जानकारी दी जाएगी। साथ ही अंधता निवारण की दिशा में चल रहे संस्थान के कार्यों से भी उन्हें रूबरू कराया जाएगा। संस्थान सचिव सुनील शर्मा ने बताया कि यह बेहद महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा आशा बहनें समाज को रोग मुक्ति में नयी आशा की किरण बन सकती हैं। हम उन्हें साथ लेकर रोग मुक्त समाज का निर्माण करने की दिशा में काम करेंगे। कार्यक्रम में गोवर्धन ब्लॉक की सभी आशाओं व कुछ गांवों से आंगनबाडियों को आमंत्रित किया गया है।

# आईएमए का 21दिसम्बर को होगा वार्षिक चुनाव

(संतोष कुमार सिंह)



**वाराणसी** :- इंडियन मेडिकल एसोसिएशन बनारस ब्रांच के द्वारा 20 दिसम्बर शनिवार को चेतगंज स्थित आइएमए बिल्डिंग में होने वाले आइएमए वार्षिक चुनाव को लेकर किया गया पत्रकार वार्ता का आयोजन मिडिया से बातचीत के दौरान डाक्टर अजीत सैगल ने बताया की आईएमए का वार्षिक चुनाव 21 दिसम्बर रविवार को प्रातः नौ बजे से सायं पांच बजे तक होगा चुनाव अधिकारी डॉ अजीत सैगल ने कहा कि इस चुनाव में 2135 चिकित्सक अपना मत देंगे उन्होंने बताया कि वोटर लिस्ट को सात भागों में बाटा गया है जो सात काउंटर पर अपने नाम के सत्यापन के बाद बैलट से बीस बूथों में मतदान करेंगें सीनियर सिटीजन के लिए अलग स्थान निश्चित है इस वर्ष प्रत्याशियों की संख्या ज्यादा होने की वजह से स्टेट काउंसिल मेंबर के बैलट को दो पन्नों में बनाना पड़ा ह पदाधिकारियों, एक्जीक्यूटिव मेंबर और स्टेट काउंसिल मेंबर के बैलट अलग-अलग रंग में हैं मेंबर्स को बैलट को उसी रंग के बैलट बॉक्स में डालना होगा गलत बॉक्स में पाने पर वोट रद्द कर इनवेलिड कर दिया जाएगा डॉ सैगल ने स्पष्ट रूप से कहा कि मतदान करने वाले चिकित्सकों को अपनी पहचान के लिए सरकार द्वारा प्रदत्त पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड,पैन कार्ड,वोटर कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस या पासपोर्ट दिखाना होगा अन्य कोई भी पहचान पत्र स्वीकृत नहीं किया जाएगा वोटिंग क्षेत्र में मोबाइल ले जाने पर प्रतिबंध है शाम पांच बजे तक जिसको बैलट मिल चुका होगा उन्हें वोट देने का अधिकार है।

# ब्रज के युवाओं का बड़ा धमाका, बेब सीरीज पॉलीटेक्निक की हुई सूटिंग, 26 को होगी रिलीज



वेलकम इंडिया

**मथुरा**। भविष्य के सपने संजोकर गांव से शहर आकर पढ़ाई करने वाले युवा छात्रों के जीवन पर आधारित वेब सीरीज पॉलीटेक्निक शीघ्र ही यूट्यूब पर प्रदर्शित होने जा रही है। वेब सीरीज के निर्देशक आशु खान ने स्थानीय होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस वेब सीरीज की शूटिंग ब्रज क्षेत्र में ही की गई है और इसमें पूरी तरह ब्रज के स्थानीय कलाकारों को अवसर दिया गया है यह वेब सीरीज शहर में पढ़ाई करने आने वाले छात्रों की वास्तविक जिंदगी पर आधारित है। उन्होंने बताया कि कई छात्र अपने अभिभावकों की कड़ी मेहनत की कमाई से पढ़ने के लिए शहर आते हैं लेकिन गलत संगत में पड़कर अपना भविष्य बर्बाद कर लेते हैं वहीं कुछ छात्र इन बुराईयों से दूर रहने का प्रयास करते हैं लेकिन उन्हें इसके लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ता है। वेब सीरीज में इन्हीं सामाजिक और पारिवारिक पहलुओं को प्रभावशाली ढंग से दिखाया गया है निर्देशक ने बताया कि वेब सीरीज का ट्रेलर आज लॉन्च किया गया है जबकि आगामी 26 दिसंबर को इसे आधिकारिक रूप से यूट्यूब पर रिलीज किया जाएगा।

# उग्रसेन सोलर एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के ब्रांच ऑफिस का उद्घाटन

(संतोष कुमार सिंह)

**वाराणसी**:- उग्रसेन सोलर एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का ब्रांच ऑफिस वाराणसी के बाबतपुर में खोला गया समाजसेवी सिंटू पाण्डेय व अन्य विशिष्ट लोगो द्वारा इस ब्रांच ऑफिस का उद्घाटन किया गया उग्रसेन सोलर एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के सीईओ एंड फाउंडर प्रदीप अग्निहोत्री द्वारा कंपनी की स्थापना का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को जन-जन तक पहुंचाना है यह कंपनी सौर ऊर्जा से जुड़ी सभी आवश्यकताओं और समस्याओं का समाधान प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है इस उद्घाटन समारोह के दौरान एडमिन रजत कुमार पाण्डेय,राजेश सिंह,विकास तिवारी,रमेश यादव,भूपेंद्र मिश्रा,बुलेट गुरु शुभम त्रिपाठी,मनीष सिंह,रोहित यादव उपस्थित रहें इस उद्घाटन के माध्यम से,कंपनी ने सौर ऊर्जा के क्षेत्र में अपनी सेवाओं को और विस्तार देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है यह योजना न केवल ऊर्जा की स्वायत्तता को बढ़ावा देती है बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक है

# जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वारह्व अभियान के तहत गांव-गांव पहुंचीं जनकल्याणकारी योजनाएं

वेलकम इंडिया





**बागेश्वर**, प्रदेश सरकार की पहल ह्लजन-जन की सरकार, जन-जन के द्वारह्व कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को विकासखंड बागेश्वर की दो न्याय पंचायतों में बहुउद्देशीय शिविरों का आयोजन किया गया। न्याय पंचायत देवलधार के राजकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चौंगांवछीना में आयोजित शिविर की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी एनएस.नबियाल द्वारा की गई, जबकि न्याय पंचायत गुरना के जूनियर स्कूल में आयोजित शिविर की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी ललित मोहन तिवारी ने की।न्याय पंचायत देवलधारमें आयोजित शिविर में क्षेत्र के लोगों ने अपनी समस्याएं रखी।जिसमें पालड़िछिना से क्षेपं सदस्य और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी फौजी फतेह सिंह करायत ने अपने क्षेत्र में शिक्षा, सड़क,विद्युत व्यवस्था, रात्रि पथप्रदर्शक हेतु सोलर स्ट्रीट लाइट, लगाने, बनचुड़ी गांव को सड़क से जोड़ने, स्वास्थ केंद्र पालड़िछिना में पानी की समस्या का समाधान, सहित अन्य क्षेत्रीय समस्याओं के समाधान की मांग की।क्षेपं सदस्य ने गांव में जंगली जानवरों के आतंक से निजात दिलाने,पालड़िछिना में सिंगल फेस के ट्रांसफार्मर को ट्रिपल फेस कराए जाने की मांग की।उन्होंने 10 वर्ष से अधिक समय से अपने पिता स्वतंत्रता संग्राम सेनानी महेंद्र सिंह करायत के नाम से स्वीकृत सड़क को कनगाड़छीना एनएच मोटर मार्ग मेंअब तक नही मिलाए जाने और सड़क निर्माण में ठगी करने के आरोप लगाते हुए जल्द समस्याओं के समाधान की मांग की।जिस पर एडीएम नबियाल ने जिला प्रशासन द्वारा प्रमुख समस्याओं के समाधान का भरोसा दिया।अपर जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार द्वारा आमजनमानस को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक सीधे पहुंचाना एवं उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है।शिविरों में केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई तथा प्राप्त शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस दौरान कुल 810 लोगों ने शिविर में प्रतिभाग किया तथा विभिन्न विभागीय योजनाओं का लाभ प्राप्त किया।स्वास्थ्य विभाग तथा आयुष (आयुर्वेद एवं यूनानी) विभाग द्वारा ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवाइयों का वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त सहकारिता, शिक्षा, राजस्व, पूर्ति, पंचायती राज, उरेडा, समाज कल्याण, ग्राम्य विकास, कृषि, पशुपालन, विद्युत, सेवायोजन, बाल विकास एवं जल संस्थान सहित विभिन्न विभागों द्वारा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया।जिलाधिकारी आकांक्षा कोंड़े ने कहा कि सरकार की मंशा है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित रूप से पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविरों के माध्यम से आमजन की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए।

# थाना जहांगीर पुरी के झपटमारी के मामले का खुलासा, थाना जहांगीर पुरी की टीम

एहसान अंसारी




**नई दिल्ली:** उत्तर पश्चिम थाना जहांगीर पुरी की टीम ने एक झपटमारी के मामले का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए एक झपटमार को गिरफ्तार किया है, जिसकी पहचान शिवा प्रदीप पुत्र निर्मल, निवासी झुग्गी ॠ ब्लॉक, जहांगीर पुरी, दिल्ली, आयु-18 वर्ष के रूप में हुई है। आरोपी के कब्जे/निशानदेही पर शिकायतकर्ता का छीना गया मोबाइल फोन बरामद किया गया है। आरोपी शिवा प्रदीप आदतन एवं सक्रिय अपराधी पाया गया, जो पूर्व में 01 आपराधिक मामले में संलिप्त रहा है। उसने आसान पैसे कमाने के लिए अपराध करना शुरू किया। दिनांक 17.12.2025 को शिकायतकर्ता श्री रोशन कुमार राणा पुत्र श्री राम रतन प्रसाद, निवासी मकान नंबर 96/12, द्वितीय तल, गली नंबर 08, वजीराबाद गांव, दिल्ली, आयु 20 वर्ष की शिकायत पर उनके मोबाइल फोन की झपटमारी के संबंध में संबंधित धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया।

टीम एवं जांच मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए थाना जहांगीर पुरी की एक समर्पित टीम का गठन किया गया, जिसका नेतृत्व निरीक्षक सतविंदर सिंह, रल्ड/थाना जहांगीर पुरी द्वारा किया गया। टीम में हेड कांस्टेबल सुनील, हेड कांस्टेबल विनोद, कांस्टेबल विपुल एवं कांस्टेबल भूपेन्द्र शामिल थे। यह टीम एसीपी/जहांगीर पुरी श्री योगेन्द्र खोखर के निकट पर्यवेक्षण में कार्य कर रही थी। टीम को आरोपी की गिरफ्तारी का कार्य सौंपा गया। जांच टीम द्वारा घटनास्थल एवं उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज का गहन अध्ययन किया गया ताकि अपराधियों की पहचान की जा सके। साथ ही, स्थानीय मुखबिरों को सक्रिय किया गया तथा कई संदिग्ध स्थानों पर दबिश दी गई। प्राप्त सूचना के आधार पर टीम ने एक व्यक्ति को सफलतापूर्वक गिरफ्तार किया, जिसकी पहचान शिवा प्रदीप पुत्र निर्मल, निवासी ॠ ब्लॉक, जहांगीर पुरी, दिल्ली, आयु-18 वर्ष के रूप में हुई। उसकी निशानदेही पर शिकायतकर्ता का मोबाइल फोन बरामद किया गया।

पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपराध में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। आरोपी शिवा प्रदीप आदतन एवं सक्रिय अपराधी पाया गया, जो पूर्व में 01 आपराधिक मामले में संलिप्त रहा है। उसने आसान पैसे कमाने के लिए अपराध करना शुरू किया।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित

बुलंदशहर जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में तहसील सिकंदराबाद में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में 20 फरियादियों द्वारा अपनी समस्याओं के प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने पर सम्बंधित विभागों को शिकायत भेजते हुए शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता से करने के निर्देश दिए गए।

एसएसपी दिनेश कुमार सिंह ने पुलिस से संबंधित शिकायतों को सुनकर उनके निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में सीएमओ डॉ सुनील दोहरे, उप जिलाधिकारी सिकंदराबाद दीपक पाल, सीओ सिकंदराबाद सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।




# जानलेवा हमले व असलहा बरामदगी के मामले में आरोपी को मिली जमानत

(संतोष कुमार सिंह)

**वाराणसी :-** पुरानी रंजिश को लेकर शादी में शामिल होने आए युवक को पिस्टल से गोली मारने और घटना में प्रयुक्त असलहे की बरामदगी के मामले में आरोपित को कोर्ट से राहत मिल गई विशेष न्यायाधीश (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम चतुर्थ) रवींद्र कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने बस्ती निवासी आरोपित अखिलेश पांडे को 50- 50 हजार रुपए की दो जमानतें एवं बंधपत्र देने पर रिहा करने का आदेश दिया अदालत में बचाव पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अनुज यादव, नरेश यादव, विकास यादव व संदीप यादव ने पक्ष रखा अभियोजन पक्ष के अनुसार सारनाथ थाना प्रभारी राहुल कुमार यादव को 29 नवंबर 2025 को मुखबिर से सूचना मिली कि एक लड़के को गोली मारी गयी है जिसे



सिंह मेडिकल नर्सिंग होम ले आये वहां पहुंचने पर घायल के साथी ने बताया कि हम लोग लखनऊ से ट्रेन से वाराणसी अपने दोस्त आकाश यादव की बहन कि शादी मे आ रहे थे शिवपुर स्टेशन पर उतरकर उन लोगो ने अपने दोस्त आकाश यादव को फोन करके बुलाया तो वह स्कार्पियो गाडी लेकर आया उसके साथ उसका रिश्तेदार प्रियांशु यादव भी आया था जिसके बाद हम लोग गाड़ी चलाकर प्रियांशु के घर के लिए चले और जब हसनपुर सिंहपुर के पास पहुंचे तो आकाश यादव ने अपने पास से निकालकर एक पिस्टल अखिल पाण्डेय को दिया जिसके बाद अखिल पाण्डेय ने पिस्टल से सोनू सिंह के सीने पर गोली चला दिया जिसे हम लोग उपचार के लिए सिंह मेडिकल नर्सिंग होम ले आये, जहां सोनू का उपचार चल रहा है।

# दिव्यांगजनो के लिए विशेष जॉब कैम्प का आयोजन



(संतोष कुमार सिंह)

**वाराणसी /मुजफ्फरपुर:-** यूथ 4 जॉब्स फाउंडेशन पटना द्वारा केएफसी के पद पर चयन हेतु जाब कैप का आयोजन मुजफ्फरपुर द्वारा श्रम संसाधन नियोजन के तत्वावधान में अवर प्रादेशिक नियोजनालय मुजफ्फरपुर द्वारा एक दिवसीय दिव्यांगजनों के लिए कैरियर एवं व्यवसायिक मार्गदर्शक जॉब कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 50 दिव्यांग जन रहे उपस्थिते कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभे सहायक निदेशक नियोजन विशेष अ वर प्रादेशिक नियोजनालय दिव्यागजन बिहार पटना प्रियंका वर्मा जिला नियोजन पदाधिकारी स्वेता वशिष्ठ सहायक निदेशक नियोजन पदाधिकारी जैनेंद्र कुमार संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम शुभारंभ किया कार्यक्रम में उपस्थित दिव्यांग जन को संबोधित करते हुए प्रियंका वर्मा सहायक निदेशक नियोजन विशेष अवर प्रादेशिक नियोजनालय दिव्यागजन बिहार पटना ने कहा कि समय-समय पर विशेष रूप से दिव्यांग जनों के लिए जॉब कैंप आयोजित किया जाता है अवर प्रादेशिक नियोजनालय द्वारा समय-समय पर दिव्यांग जन के लिए विशेष रूप से जाब कैंप का आयोजन किया जाता है जिसके माध्यम से करियर एवं व्यवसायिक मार्गदर्शन तथा निजी क्षेत्रों में नौकरी के अवसर उपलब्ध कराई जाती है जिससे दिव्यांग लाभान्वित हो रहे हैं कार्यक्रम में विनोद कुमार वरिय लिपिक के साथ सभी कर्मी उपस्थित रहे।

## डीएम ने रैन बसेरे का स्थलीय निरीक्षण करते हुए की गई व्यवस्थाओं का लिया जायजा

बुलंदशहर जिलाधिकारी श्रुति ने सर्दी से बचाव के लिए नगर पालिका सिकंदराबाद द्वारा बस स्टैंड पर बनाए गए रैन बसेरे का स्थलीय निरीक्षण करते हुए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। रजिस्टर का अवलोकन करते हुए उसमें दर्ज एंट्री को देखा गया। निर्देशित किया गया कि रजिस्टर में ठहरने वाले लोगों के बारे में सभी जानकारी दर्ज की जाए।

रैन बसेरे में लोगों के ठहरने के लिए समुचित व्यवस्था को सुनिश्चित रखा जाए। नियमित साफ सफाई बनाई रखे। सर्दी के मौसम में कोई भी व्यक्ति खुले में नहीं सोने पाए इसके लिए रात्रि में कस्बे में भ्रमण करते हुए खुले में सोने वाले लोगों को रैन बसेरे में भिजवाया जाए। इस मौके पर एसएसपी दिनेश कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी सिकंदराबाद दीपक पाल उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने किया एआरटीओ सहित आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक कार्यालयों का औचक निरीक्षण

वेलकम इंडिया

**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता, जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने शनिवार को एआरटीओ कार्यालय सहित आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पत्रावलियों के रखरखाव में लापरवाही और व्यवस्थाएं संतोषजनक न पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए। एआरटीओ कार्यालय में जिलाधिकारी के पहुंचते ही वहां आसपास बाहरी तौर पर गोपनीय तरीके से एजेंट का कार्य करने वाले लोग रफूचक्कर हो गए। डीएम ने फाइलों एवं रिकॉर्ड रूम का निरीक्षण करते हुए सभी पत्रावलियों को क्रमबद्ध एवं सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। साथ ही निष्प्रयोज्य सामग्री एवं पुरानी पत्रावलियों का नियमानुसार विनिष्टीकरण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि अगली जांच में सुधार न मिलने की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वाहन स्वामियों से संवाद कर लाइसेंस एवं फिटनेस सेवाओं को लेकर फीडबैक लिया। साथ ही कार्यालय में किसी एजेंट के माध्यम से कार्य तो नही कराया जाता है, तय निर्धारित शुल्क से अधिक वसूली तो नही की जाती इसको लेकर भी सवाल पूछे। वही परिवहन कार्यालय में अधिकारियों को सुशासन के अनुरूप कार्य करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि सरलीकरण, समाधान, निस्तारण और संतुष्टि प्रशासन की प्राथमिकताएं होनी चाहिए।

उन्होंने चेतावनी दी कि सुविधा शुल्क की मांग अथवा भ्रष्टाचार से जुड़ी किसी भी शिकायत मिली तो सख्त कार्रवाई की जाएगी।



## खोए हुए मोबाइल बरामद कर मोबाइल स्वामियों को दिलाई सौगात



वेलकम इंडिया

**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता, मोबाइल हर आदमी की प्रमुख जरूरत है। आज मोबाइल हर किसी व्यक्ति की जिंदगी का अहम हिस्सा बन गया है। ऐसे में कभी भी मोबाइल चोरी होने पर मोबाइल में रखे महत्वपूर्ण दस्तावेज और जानकारियां खोने से व्यक्ति अत्यंत परेशान हो जाते हैं। वही खोए हुए मोबाइल फोन की प्राथमिकी दर्ज कराने के बाद पुलिस ने 10 मोबाइल स्वामियों को उनके खोए हुए मोबाइल लौटाकर खुशियों की सौगात दी है। पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोडके के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा खोए हुए मोबाइल फोनों की बरामदगी हेतु चलाए जा रहे अभियानों के क्रम में कोतवाली बागेश्वर क्षेत्र में पूर्व में गुम हुए मोबाइल फोनों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए, पुलिस टीम द्वारा उन्हें सीआईईआर पोर्टल के माध्यम से तकनीकी दक्षता एवं निरंतर प्रयासों से 10 मोबाइलों को ट्रैक कर बरामद किया गया।

# योगी सरकार नये साल में ब्रज वासियों को देगी सौगात, 42 करोड़ से बन रहा भव्य ऑडिटोरियम

वेलकम इंडिया

**मथुरा।** नए साल में ब्रज वासियों और यहाँ के कलाकारों के लिए योगी सरकार एक शानदार सौगात लेकर आ रही है। मथुरा और वृंदावन के बीच सौ-शैय्या अस्पताल के समीप ब्रज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संजोने और उसे एक आधुनिक वैश्विक मंच प्रदान करने के लिए एक अत्याधुनिक ऑडिटोरियम का निर्माण किया जा रहा है। लगभग 4215.60 लाख रुपये की लागत से बन रहा यह प्रेक्षागृह ब्रज की कला, संगीत और पारंपरिक विधाओं के संरक्षण का नया केंद्र बनेगा। ब्रज की कला और संस्कृति को नई उड़ान ब्रज क्षेत्र अपनी रासलीला, चरकुला नृत्य और ध्रुपद गायन जैसी अनुपम कलाओं के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध है। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद



का मुख्य विजन इन कलाओं को केवल जीवित रखना नहीं, बल्कि उन्हें एक आधुनिक स्वरूप में दुनिया के सामने पेश करना है। इस ऑडिटोरियम के माध्यम से स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक भव्य मंच मिलेगा, जिससे ब्रज की प्राचीन संस्कृति का संरक्षण होगा और युवा पीढ़ी को इससे जुड़ने की प्रेरणा मिलेगी। इस परियोजना पर योगी सरकार 42 करोड़ रुपये से अधिक खर्च कर रही है। मुख्य ऑडिटोरियम की क्षमता 1000 व्यक्तियों की है, जहां बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रमों और सम्मेलनों का आयोजन किया जा सकेगा। इसके साथ ही, खुले आसमान के नीचे पारंपरिक उत्सवों और प्रस्तुतियों के लिए एक भव्य एम्फीथियेटर भी बनाया गया है, जो ब्रज के उत्सवों को एक नया अनुभव प्रदान करेगा। ऑडिटोरियम में केवल मंच ही नहीं, बल्कि यहां आने वाले कलाकारों और मेहमानों की सुविधा का भी पूरा ध्यान रखा गया है। परिसर में दूर- दराज से आने वाले कलाकारों के ठहरने के लिए डोरमेट्री, पर्यटकों और दर्शकों के लिए खानपान के लिए कैंटीन की व्यवस्था की जा रही है। परिसर में टाइप- 3 आवास, पार्किंग, गार्ड रूम और सुरक्षा के भी पुख्ता प्रबंध होंगे। परियोजना अपनी अंतिम दहलीज पर है। 90 प्रतिशत निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है और वर्तमान में फिनिशिंग का काम युद्धस्तर पर चल रहा है।

उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ सूरज पटेल ने बताया कि फरवरी माह के अंत तक यह ऑडिटोरियम पूरी तरह बनकर तैयार हो जाएगा और ब्रज वासियों को समर्पित कर दिया जाएगा।

## भागवत कथा परिवार द्वारा सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ महोत्सव 25 दिसम्बर से

(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)



**वृन्दावन।** रुक्मिणी विहार/तेहरा रोड, श्याम तपोवन कॉलोनी स्थित भागवताश्रय में भागवत कथा परिवार द्वारा चौदहवीं बार सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ महोत्सव दिनांक 25 से 31 दिसम्बर 2025 पर्यन्त अत्यन्त श्रद्धा एवं धूमधाम के साथ आयोजित किया गया है। जानकारी देते हुए "यूपी रत्न" डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत दोपहर 2:30 बजे से 06 बजे तक अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भागवत रत्न पण्डित विमल कृष्ण पाठक महाराज अपनी सरस वाणी में श्रीमद्भागवत कथा का रसास्वादन कराएंगे। उन्होंने बताया कि 27 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे से श्रीहनुमद् आराधन मंडल परिवार द्वारा संगीतमय सामूहिक सुंदरकांड पाठ किया जाएगा। जिसमें सभी भक्त-श्रद्धालु सादर आमंत्रित हैं।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों पर आधारित क्रांतिकारी पंचांग- 2026 का हुआ लोकार्पण

(संतोष कुमार सिंह)

**वाराणसी :-** जगतगंज स्थित बाबू जगत सिंह कोठी में मातृभूमि सेवा संस्था द्वारा तैयार सातवां वार्षिक क्रांतिकारी पंचांग-2026 का लोकार्पण हुआ कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती शिशु मंदिर की छात्राओं द्वारा वंदे मातरम गीत से हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्म भूषण राम बहादुर राय ने कहा अब वक्त आ गया है कि बाबू जगत सिंह की कोठी को राष्ट्रीय स्मारक बनाया जाए हमें याद रखना चाहिए कि इतिहास वर्तमान को अतीत से जोड़ता है और भविष्य की दृष्टि देता है स्वतंत्रता की 75वीं वर्षगांठ पर प्रधानमंत्री ने कहा था कि हमें उन अनाम क्रांतिकारियों को खोजना चाहिए जिनका योगदान हमारे



स्वतंत्रता में है यह चिंगारी पूरे देश में फैली और आज बाबू जगत सिंह का इतिहास हमारे सामने है अभी बहुत खोज करनी है शोध समिति द्वारा तीन महत्वपूर्ण बातें आज हमारे समक्ष है बहुत कम लोगों को पता है 1799 में काशी में स्वतंत्रता का युद्ध लड़ा गया बाबू जगत सिंह क्रांतिकारी के साथ ही साथ सर्व धर्म समभाव के पक्षधर भी थे सारनाथ को चिन्हित करने का श्रेय भी उन्हीं को जाता है 1799 काशी की बगावत के अंतर्गत बाबू जगत सिंह पूरी बहादुरी के साथ अपनी कोठी में डटे रहें अंग्रेजों को उनको गिरफ्तार करने में दो महीने का वक्त लगा इस से अंदाजा लगाया जा सकता है कि बाबू जगत सिंह के प्रभाव का विस्तार कितना बड़ा थो सारनाथ की खुदाई में मिले मंजूषा को आज की तारीख में भारत सरकार को खोजवाना चाहिए आज बिना सरकारी अनुदान की सहायता से शोध कार्य को संचालित करना प्रशंसनीय कार्य हैं क्रांतिकारी पंचांग -2026 के लोकार्पण के पूर्व मातृभूमि सेवा संस्था के संस्थापक एवं राष्ट्रीय सचिव राकेश कुमार ने कहा अनाम क्रांतिकारियों के लिए हमें शोध और खोज की आवश्यकता है और यह शोध तभी पूर्ण होगा जब हम क्रांतिकारियों के घरों तक पहुंचें बाबू जगत सिंह एक ऐसे ही उदाहरण है जहां प्रदीप नारायण सिंह ने अपने छठवीं पीढ़ी के इतिहास को खोजा और समाज के समक्ष रखा इसमें और भी कड़ियां जुड़नी चाहिए विशिष्ट अतिथि के रूप में रविंद्र जायसवाल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) ने इस आयोजन पर अपनी प्रसन्नता जाहिर की और योगदान का आश्वासन दिया इतिहासकार और बाबू जगत सिंह पुस्तक के लेखक डॉ.हामिद आफाक कुरैशी ने शोध की बातों को विस्तार से बतलाया और आपने कहा बाबू जगत सिंह सर्वगुण संपन्न व्यक्तित्व थे उनके व्यक्तित्व के अन्य पहलुओं पर शीघ्र ही हम पुस्तक लाने का प्रयास करेंगें कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सारनाथ के भंते डॉ.के सिरी सुमेध थेरो ने कहा कि अपनी मातृभूमि स्वर्ग से भी बड़ी है और बौद्ध ग्रंथों में काशी के अनेक राजाओं का जिक्र आता है इतिहासकार शोध के संदर्भ में उन ग्रंथों का अध्ययन करते हैं।

## विश्व ध्यान दिवस पर ब्रह्माकुमारी संस्था ने डाइट प्रशिक्षुओं को सिखाई ध्यान की विधि

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** विश्व ध्यान दिवस की पूर्व संध्या के अवसर पर प्राचार्य डाइट डॉ.मुकेशचंद्र के निर्देशन और ब्रह्माकुमारी संस्था के तत्वावधान में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षुओं के लिए विशेष राजयोग ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र का उद्देश्य राजयोग ध्यान की सरल विधि, उसके व्यावहारिक स्वरूप तथा जीवन में होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं व्यवहारिक लाभों से परिचित कराना रहा। मुख्य वक्ता के रूप में ब्रह्माकुमारी संस्था के स्थानीय रिफाइनरी नगर सेवा केंद्र प्रभारी राजयोगिनी बीके कृष्णा दीदी जी ने राजयोग ध्यान की विधि को सरल शब्दों में समझाया और इसे दैनिक जीवन में अपनाने का आह्वान किया। रिफाइनरी से पधारे बीके आलोक जी ने ब्रह्माकुमारी संस्था का परिचय देते हुए बताया कि यह विश्व की सबसे बड़ी महिलाओं द्वारा संचालित आध्यात्मिक संस्था है, जिसका अंतरराष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू, राजस्थान में स्थित है। संस्था विगत 90 वर्षों से समाज में नैतिक मूल्यों की पुनर्स्थापना हेतु निःशुल्क ध्यान शिक्षा प्रदान कर रही है। बीके पूजा ने प्रशिक्षुओं को ध्यान की गहन अनुभूति कराई। इस सत्र का आयोजन डाइट प्राचार्य श्री मुकेश चंद्र अग्रवाल के निर्देशन में प्रभारी हरेश सिंह ने कराया। इस सत्र में संस्थान के सभी प्रवक्ता हरेश कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह, दिगंबर सिंह, रचना बाला और कार्मिक सुभाष, राजकुमार, धर्मेंद्र एवं सभी डीएलएड प्रशिक्षु उपस्थित रहे। इस राजयोग सत्र को सफल बनाने में सहायक अध्यापक सूर्यकांत का विशेष सहयोग रहा।

# आईएसजीएफ 2026 का 31 मार्च से 2 अप्रैल तक होगा आयोजन

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**

**मेरठ।** भारतीय खेल सामान उद्योग के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। परतापुर बाईपास स्थित ब्राबुरा गोल्ड रिसोर्ट में शनिवार को आयोजित विशेष कार्यक्रम में जानकारी दी गई कि स्पोर्ट्स गुड्स एंड टॉयज एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल एसजीईपीसी, वाणिज्य मंत्रालय द्वारा प्रायोजित संस्था के तत्वावधान में इंडिया स्पोर्टिंग गुड्स फेयर आईएसजीएफ 2026 का भव्य आयोजन 31 मार्च से 2 अप्रैल 2026 तक यशोभूमि, द्वारका, नई दिल्ली में किया जाएगा। इसे भारतीय खेल सामान उद्योग को वैश्विक पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।



आईएसजीएफ 2026 देश के खेल सामान और खिलौना उद्योग के लिए एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय मंच के रूप में उभरेगा, जहां भारत और विदेशों के प्रमुख निमार्ता, निर्यातक, अंतरराष्ट्रीय खरीदार, नीति-निमार्ता और उद्योग विशेषज्ञ एक साथ जुटेंगे। करीब 2000 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्र में लगने वाली इस प्रदर्शनी में 100 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियां अपने नवीन उत्पादों और तकनीकी नवाचारों का प्रदर्शन करेंगी। आयोजन का उद्देश्य भारतीय खेल सामान उद्योग की उत्पादन क्षमता, गुणवत्ता मानकों और तकनीकी दक्षता को अंतरराष्ट्रीय बाजार के समक्ष मजबूती से प्रस्तुत करना है। इस अंतरराष्ट्रीय मेले के माध्यम से नए निर्यात अवसरों के द्वार खुलेंगे, वैश्विक साझेदारियों को बढ़ावा मिलेगा और केंद्र सरकार की मेक इन इंडिया तथा वोकल फॉर लोकल जैसी महत्वाकांक्षी पहलों को और मजबूती मिलेगी। तीन दिवसीय आयोजन में पहली बार स्थानीय खेल सामान डीलरों, वितरकों और थोक विक्रेताओं को सीधे निमार्ताओं से जुड़ने और उनके उत्पादों की पूरी श्रृंखला देखने का अवसर मिलेगा। प्रदर्शनी में फिटनेस उपकरणों के साथ-साथ आउटडोर व इनडोर खेल सामान, साहसिक खेल उत्पाद और आधुनिक स्कूल खेल सामग्री की व्यापक रेंज प्रदर्शित की जाएगी।

# सांसद अरूण गोविल जी के द्वारा गरीब/निराश्रित असहाय लोगों को वितरित किये गये कंबल

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**



हापुड़ जनपद के नगर पालिका परिषद के मिटिंग हॉल में गरीब/निराश्रित/असहाय लोगों को कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सांसद अरूण गोविल जी के द्वारा तहसील हापुड़ क्षेत्र के जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया गया, इस दौरान सांसद के द्वारा जनता के साथ वार्ता करते हुए यह आश्वासन दिलाया कि जनपद हापुड़ में शीतलहर के कारण कोई भी जरूरतमंद/असहाय व्यक्ति राज्य सरकार के द्वारा उपलब्ध कराये गये संसाधनों से वंचित नहीं रहेगा। उन्होंने तहसील प्रशासन के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में रात्रि भ्रमण करते हुए यह सुनिश्चित करे कि काई भी व्यक्ति किसी भी दशा में खुले आसमान के नीचे सोने के लिए मजबूर न हो। यदि कोई भी व्यक्ति ऐसी स्थिति में पाया जाता है तो उसे तत्काल नजदीकी रैन बसेरें में पहुँचाया जाये। कंबल वितरण कार्यक्रम के दौरान माननीय सांसद जी ने कहा कि सरकार एवं जनप्रतिनिधि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहायता पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।ठंड के मौसम में किसी भी व्यक्ति को असुविधा न हो, इसके लिए इस प्रकार के सेवा कार्य निरंतर जारी रहेंगे।तहसील प्रशासन द्वारा चिन्हित किये गये 250 लाभार्थियों को कंबलों वितरण किया गया। लाभार्थियों ने कंबल पाकर प्रसन्नता व्यक्त की और सांसद जी का आभार जताया।इस अवसर पर रेखा नागर जिला पंचायत अध्यक्ष,कविता माधरे जिलाध्यक्ष भाजपा,पुष्पा देवी नगर पालिका अध्यक्ष,उपजिलाधिकारी ईला प्रकाश, तहसीलदार स्वाति गुप्ता,जिला आपदा विशेषज्ञ गजेन्द्र सिंह बघेल एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारीगण, जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वाराणसी की बेटी विजयता सचदेवा को राष्ट्रीय मंच पर बड़ी पहचान, लखनऊ में यूपीएए पुरस्कार से सम्मानित



**वेलकम इंडिया**

**सनी कुमार केसरवानी संवाददाता प्रयागराज।** सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली वाराणसी की बेटी एवं एशिया विजेता सामाजिक कार्यकर्ता सुश्री विजयता सचदेवा को उत्तर प्रदेश आर्टिस्ट एकेडमी (वढअअ) द्वारा प्रतिष्ठित 32वां यूपीएए पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया। यह भव्य सम्मान समारोह होटल ऑर्नेट, वृंदावन योजना, लखनऊ में आयोजित हुआ, जहां उन्हें विशेष अतिथि एवं पुरस्कार विजेता के रूप में सम्मान प्रदान किया गया।

उत्तर प्रदेश आर्टिस्ट एकेडमी पिछले दो दशकों से कला, संस्कृति, खेल, सिनेमा, पर्यटन और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तित्वों को सम्मानित करती आ रही है। यूपीएए पुरस्कार उन विशिष्ट लोगों को दिया जाता है, जिन्होंने समाज, संस्कृति और राष्ट्र के लिए प्रेरणादायी योगदान दिया हो।

सुश्री विजयता सचदेवा को यह सम्मान सामाजिक सेवा, महिला सशक्तिकरण एवं जनकल्याण के क्षेत्र में उनके निरंतर प्रयासों और समर्पण के लिए प्रदान किया गया।उनका यह चयन न केवल वाराणसी बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश के लिए गर्व का विषय है। यह सम्मान युवाओं, विशेषकर महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेगा।सुश्री विजयता सचदेवा का ने बताया कि ह्यूपीएए जैसे प्रतिष्ठित मंच से सम्मानित होना मेरे लिए अत्यंत गर्व और भावुक क्षण है। यह सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि उन सभी लोगों का है जो समाज में बदलाव के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य कर रहे हैं।मैं उत्तर प्रदेश आर्टिस्ट एकेडमी का और मिलन श्रीवास्तव सर जी हृदय से आभार व्यक्त करती हूं और यह विश्वास दिलाती हूं कि समाजसेवा के इस पथ पर मेरा संकल्प और भी मजबूत होगा।

# जिलाधिकारी और एसएसपी ने सदर तहसील में सुनी जनसमस्याएं, 33 में से 3 समस्याओं का त्वरित निवारण

**वेलकम इंडिया**

**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने संपूर्ण समाधान दिवस/तहसील दिवस के अवसर पर तहसील सदर में आम-जनमानस की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना। जिलाधिकारी ने प्राप्त प्रार्थना-पत्रों के नियमानुसार त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने समस्त विभागीय अधिकारीयों को तहसील दिवस में आने वाले आम-जनमानस/शिकायतकताओं को विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा संचालित योजनाएं पात्र लाभार्थियों तक पहुंचे, यह हमारी प्राथमिकता है। जिलाधिकारी ने



समाधान दिवस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का मौके पर जाकर मुआयना करने तथा क्षेत्रीय जनसमस्याओं को गंभीरता से लेकर उनका गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करके पीड़ित लोगों को राहत पहुँचाने हेतु अधिकारियों को कडे.निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जनता की समस्या का समाधान करना हम सबके लिए सर्वोपरि है।कोई भी फरियादी तहसील दिवस या किसी भी कार्यालय से निराश होकर नहीं जाना चाहिए। पारदर्शिता के आधार पर संबंधित को नियमानुसार न्याय दिया जाए। उप जिलाधिकारी सदर/ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट। अभिनव जे जैन ने अवगत कराया है कि तहसील सदर में 33 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 3 शिकायतों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया गया। अन्य शिकायतों को जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए ससमय निराकरण के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी गोवर्धन प्राजक्ता त्रिपाठी ने अवगत कराया है कि तहसील गोवर्धन में 41 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 04 शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया गया है। उप जिलाधिकारी छाता वैभव गुप्ता ने अवगत कराया है कि तहसील छाता में 38 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। उप जिलाधिकारी मांट रितु सिरोही ने अवगत कराया है कि तहसील मांट में 39 शिकायतें प्राप्त हुई है। उप जिलाधिकारी महावन कंचन ने अवगत कराया है कि तहसील महावन में 20 शिकायतें प्राप्त हुई।

# गरीब असहाय अनाथ बच्चों की मदद करना पुनीत कार्य.कायनात फातिमा



**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** गरीब असहाय एवं अनाथ बच्चों की मदद करना बहुत ही पुनीत कार्य है।कड़ाके की ठंड में बहुत से बच्चे ठिठुरने के लिए विवश हैं।हम सबकी जिम्मेदारी बनती है कि सर्दी के मौसम में जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करें। उक्त विचार जिला पंचायत सदस्य कायनात अहमद ने दरियाबाद में गर्म कपड़े वितरण के समय व्यक्त किया। जामिया एजुकेशनल एंड वेलफेयर फाउंडेशन दरियाबाद की जानिब से शनिवार के दिन 164 छात्राओं को सर्दी से बचाव हेतु गर्म कपड़े का वितरण किया गया। कड़ाके की सर्दी में छात्राएं गर्म कपड़े पाकर काफी खुश हुईं।अब्दुल बारी फतहुल्लाह ने बच्चों को आशीर्वाद दिया। प्रधानाध्यापक शबीना खातून ने सभी छात्राओं का आह्वान किया कि नियमित विद्यालय पढ़ने आएं।सर्दी से बचाव करें। इस अवसर पर फरहाना खातून, निकहत फातिमा, शगुफ्ता, आमिना और सालेहा खातून आदि मौजूद रहीं।

# डीएम की अध्यक्षता में खलीलाबाद तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में खलीलाबाद तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए राजस्व विभाग सहित अन्य सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है। सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसामान्य की शिकायतों को एक-एक कर सुनते हुए जिलाधिकारी ने शिकायत से सम्बंधित विभागीय अधिकारी को मौके पर बुला कर तत्काल निस्तारित करने अथवा भूमि विवाद/अन्य किसी विवाद की स्थिति में शिकायतकर्ता सहित सभी पक्षों की उपस्थिति में मौके का स्थलीय निरीक्षण कर निस्तारण के निर्देश दिये।



सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण और शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही सम्पूर्ण समाधान दिवस का मुख्य लक्ष्य है, इसमें किसी भी प्रकार लापरवाही पाये जाने पर जिम्मेदार अधिकारी के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने ठंड व शीतलहर को देखते हुए जरूरतमंद व गरीब फरियादियों को कंबल वितरित किया। खलीलाबाद तहसील में विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 115 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें से जिलाधिकारी द्वारा 22 प्रार्थना पत्रों का संबंधित राजस्व अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विभागीय अधिकारियों से प्रकरण की विस्तृत जानकारी लेते हुए तत्काल निस्तारित करवाया गया।जिलाधिकारी द्वारा 14 प्रकरणों में स्थलीय निरीक्षण कर नियमानुसार निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारी/कर्मचारी की टीम भेजी गई।

# गंगेरू मार्ग पर गन्नों से भरे ट्रक बन रहे जानलेवा, हादसों पर अंकुश की मांग

**वेलकम इंडिया**

**कांधला। संवादाता मोहसिन रहमानी** थाना क्षेत्र के गंगेरू मार्ग से होकर गुजरने वाले गन्नों से लदे भारी ट्रक लगातार हादसों को न्योता दे रहे हैं।भीड़भाड़ वाली इस सड़क पर दिन-रात तेज रफ्तार से गुजर रहे ट्रकों के कारण स्थानीय लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। मार्ग के आसपास रहने वाले लोग हर समय किसी बड़े हादसे की आशंका से दहशत में जी रहे हैं।गंगेरू मार्ग निवासी नितिन, अनवर, दिलशाद, किरणपाल, अरविंद, आरिफ, अकील, नोमान,सहित अन्य लोगों का कहना है कि गन्ना सीजन में ट्रकों की संख्या अचानक बढ़ जाती है, लेकिन उनके संचालन पर कोई ठोस निगरानी नहीं की जा रही है। कई ट्रक क्षमता से अधिक गन्ना लादकर तेज गति से




गुजरते हैं, जिससे सड़क पर पैदल चलने वालों, दोपहिया व चारपहिया वाहन चालकों के लिए खतरा बना रहता है।लोगों ने बताया कि गंगेरू मार्ग पर पूर्व में भी गन्नों से भरे ट्रकों की वजह से कई गंभीर हादसे हो चुके हैं, जिनमें निर्दोष लोगों की जान तक जा चुकी है। इसके बावजूद संबंधित विभाग और प्रशासन कुम्भकर्ण नींद णी में सोए हुए हैं और अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।लोगों ने मांग की है कि गन्नों से लदे ट्रकों की गति पर नियंत्रण लगाया जाए, ओवरलोड वाहनों पर सख्ती की जाए तथा भीड़भाड़ वाले इलाकों में भारी वाहनों के प्रवेश के लिए समय निर्धारित किया जाए। साथ ही पुलिस द्वारा नियमित चेकिंग अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।

# नि:क्षय मित्रों को किया गया सम्मानित



**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

हापुड़ जनपद के जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय जी के कुशल निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सुनील कुमार त्यागी के नेतृत्व में जिलाधिकारी कैंप कार्यालय सभागार में आज जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा जनपद के क्षय रोगियों को पोषाहार देने वाली अठारह संस्थानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है सम्मानित की जाने वाली संस्थाओं में प्रेमचंद लोहिया मेमोरियल ट्रस्ट हापुड़ ,शालोम चेरिटेबल ट्रस्ट,वैश्य महिला सेवा समिति हापुड़ ,अग्रवाल महासभा महिला मंच हापुड़ क्यूब रूट्स फाउंडेशन संजय कृपाल जी बांके बिहारी हॉस्पिटल पिलखुवा जी 0एस 0मेडिकल कॉलेज हापुड़,रामा मेडिकल कॉलेज हापुड़( सस्टेनेबल डेवलपमेंट सोसाइटी )(संदेश संस्था) इंडियन मेडिकल एसोसिएशन हापुड़, रोटरी क्लब पिलखुवा सिटी इंडियन मेडिकल एसोसिएशन पिलखुवा व गढ़ मुक्तेश्वर के पलवाड़ा से डॉ तल्हा आदि को सम्मानित किया गया इस अवसर पर जिला अधिकारी महोदय श्री अभिषेक पांडेय व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील कुमार त्यागी के द्वारा जनपद के सभी गण मान्य लोगों एवम् स्वयंसेवी संस्थाओं से टी 0बी0 मुक्त भारत कार्यक्रम में सहयोग की अपील की गई इस अवसर पर जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ राजेश सिंह ने बताया कि कोई भी व्यक्ति टी 0बी0 रोगियों को निः क्षय मित्र बनकर सहयोग कर सकते है निः क्षय मित्र मरीजों मनोवैज्ञानिक सपोर्ट एवम् पोषाहार के रूप में सपोर्ट प्रदान कर सकते हैं पोषाहार में दलिया गुड चना दाल गज्जक सोयाबीन मूंगफली आदि सामग्री दी जा सकती है कार्यक्रम में स्वास्थ विभाग से सभी चिकित्सा अधीक्षक जिला कार्यक्रम प्रबंधक सतीश कुमार जिला पी 0पी0 एम0 कोऑर्डिनेटर सुशील चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# शातिर स्कूटी चोर को कोतवाली पुलिस ने 48 घँटे के भीतर किया गिरफ्तार

**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता, नगर क्षेत्र में एक व्यक्ति की अज्ञात चोर द्वारा स्कूटी चुरा ली गई।स्कूटी स्वामी द्वारा दूसरे दिन लगातार स्कूटी की खोजबीन करने के बाद स्कूटी का कोई सुराग नही मिलने के बाद स्कूटी स्वामी ने कोतवाली में अज्ञात चोर के खिलाफ स्कूटी चोरी किए जाने की प्राथमिकी दर्ज कराई। वही कोतवाल अनिल उपाध्याय ने प्राथमिकी मिलते ही स्कूटी स्वामी को जल्द स्कूटी खोजने का भरोसा दिलाया। जिसके बाद तहरीर मिलने के महज 48 घँटे के भीतर ही कोतवाल की कुशल रणनीति से चोरी हुई स्कूटी को कोतवाली पुलिस ने स्कूटी चोर के साथ गिरफ्तार कर लिया।मामले का खुलासा करते हुए पुलिस उपाधीक्षक अजय लाल शाह ने बताया कि 16 दिसंबर को रात्रि में स्कूटी संख्याः अढ31एळ 9512 को विकास भवन पुल बागेश्वर के पास से अज्ञात चोर द्वारा चोरी करने की शिकायत कोतवाली बागेश्वर को दूसरे दिन मिली थी।

# सब चैप्टर के तत्वाधान में पर्यावरण एवं ऊर्जा संरक्षण ज्वलंत मुद्दे पर सेमिनार का आयोजन




**समर्थ कुमार सक्सेना**

लखनऊ। परिवर्तन चौक निकट होटल क्लार्क्स अवध में करलफअए लखनऊ सब चैप्टर के तत्वाधान में पर्यावरण एवं ऊर्जा संरक्षण जैसे ज्वलंत मुद्दे पर एक भव्य सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें संस्था के अनेक पद पर आसीन सदस्यों के साथ शहर के तमाम गणमान्य वास्तुविद एवं अभियंता सम्मिलित हुए। उक्त आयोजन में पर्यावरण के दुष्प्रभाव एवं आम जन मानस के कल्याण हेतु इस समसामयिक विषय पर चर्चा हुई। इसी क्रम में सभी ने ऊर्जा संरक्षण एवं प्रदूषण के विभिन्न माध्यमों के प्रति जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाने हेतु आग्रह किया गया। उक्त सेमिनार में संस्था की और से करलफअए दिल्ली से पधारे वलीउल्ला सिद्दीकी के साथ करलफअए लखनऊ के पदाधिकारियों सर्व हरीश साहनी, शरद श्रीवास्त, संदीप सक्सेना, मनोज नित वाल, सुशांत अवस्थी एवं आलोक चौधरी आदि ने कार्यक्रम का संचालन किया।

# स्याना सीएचसी में स्वास्थ्यकर्मियों को मिला मोबाइल ऐप प्रशिक्षण

**स्याना/बुलंदशहर/**स्याना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को स्वास्थ्यकर्मियों के लिए मोबाइल ऐप प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंडलीय कार्यक्रम अधिकारी रचित जैन ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसका मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को तकनीकी रूप से सुदृढ़ बनाना है। सीएचसी प्रभारी डॉ. अमित कुमार ने बताया कि इस प्रशिक्षण से स्वास्थ्यकर्मियों की डिजिटल दक्षता का आकलन किया जा रहा है। इसका लक्ष्य उन्हें नई तकनीक का उपयोग करने में सक्षम बनाना है, ताकि आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। इस अवसर पर बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनील कुमार वर्मा भी मौजूद रहे। उन्होंने नवजात शिशुओं में होने वाली हाइपोथर्मिया, सेप्सिस और हाइपोग्लाइसीमिया जैसी समस्याओं पर विस्तृत जानकारी दी। डॉ. वर्मा ने स्तनपान के महत्व पर भी विशेष बल दिया।

# 148 छात्र गर्म ऊनी कपड़े पाकर हुए काफी खुश



**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** कड़ाके की ठंड में लोगों का घर से निकलना दूभर है।मौसम की बेरुखी से लोगों का आवागमन अवरुद्ध है।सड़कों पर सन्नाटा पसरा है।बच्चे घर दुबकने के लिए विवश हैं।ऐसे मौके पर दरियाबाद स्थित अहले हदीस तालीमी व रिफाही सोसाइटी की तरफ से गांव और मदरसे में पढ़ने वाले 148 गरीब असहाय अनाथ जरूरतमंद बच्चों में गर्म ऊनी कपड़ा वितरण किया गया। जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि मो अहमद ने गांव के संभ्रांत लोगों की उपस्थित में गर्म ऊनी कपड़े वितरण किया।मो अहमद ने बच्चों को प्रेरित किया कि नियमित विद्यालय पढ़ने आएं।सर्दी से पूरा बचाव करें। व्यक्तिगत स्वच्छता का ख्याल रखें। इस अवसर पर मौलाना अतीकुर्रमान नदवी मो फैज,मो अकरम फैजी,जफीर अली करखी अफजलुर्रहमान,सेराज अहमद, इमरान अहमद,इम्तियाज अहमद, जमाल अहमद सहित बच्चे अभिभावक मौजूद रहे।

# सेवा राम राजरानी गर्ग श्रेष्ठता पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** डा के० एन० मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य एवं शिक्षाविद् स्वर्गीय सेवाराम गर्ग की चौरासीवीं जन्म जयंती के अवसर पर श्रेष्ठता पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया।

पूर्व प्रधानाचार्य एवं शिक्षाविद् स्वर्गीय सेवाराम गर्ग के पुत्र समाजसेवी एवं उद्यमी डॉ० मुकेश गर्ग ने कॉलेज के मेधावी छात्रों को नकद धनराशि और प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत करते हुए उन्हें और अधिक मेहनत से अध्ययन कर अपने परिवार के साथ साथ अपने विद्यालय का नाम जिला एवं प्रदेश स्तर पर रोशन करने हेतु प्रेरित किया। वर्ष 2013 से प्रारंभ ॾराज रानी सेवाराम गर्ग पुरस्कारॾ स्वरूप विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्रों को विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 1000 रुपये, द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर 750 रुपए एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर 500 रुपये की नगद धन राशि देकर छात्रों का उत्साहवर्धन करने का कार्य उनके पुत्र डॉ० मुकेश गर्ग द्वारा किया जा रहा है। विदित हो कि सेवा राम गर्ग ने मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर में 1963 से 1990 तक प्रवक्ता के रूप में तथा 1990 से 2001 तक प्रधानाचार्य और उसके पश्चात डॉ० के० एन० मोदी फाउंडेशन में शैक्षिक सलाहकार के रूप में कार्य किया। कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ सतीश चंद अग्रवाल ने छात्रों को पुरस्कार प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं दी तथा और अधिक मेहनत करने हेतु प्रेरित करते हुए इस कार्य के लिए डॉ मुकेश गर्ग को धन्यवाद ज्ञापित किया। श्रेष्ठता पुरस्कार वितरण समारोह का संचालन करती हुए कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण कुमार जैनर ने अन्य छात्रों को पुरस्कार प्राप्त करने के लिए अधिक परिश्रम करने हेतु प्रेरित किया। जिससे की अगली बार अन्य छात्र भी प्रतिभाशाली छात्रों की टीम में शामिल हो सकें।

## रंजिशन मारपीट करने का आरोप तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी दो युवकों के साथ गांव के ही तीन युवकों ने रंजिश के चलते मारपीट कर घायल कर दिया घायल के पिता ने डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद थाने पहुंचकर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी समीम पुत्र अब्दुल हकीम ने बताया कि उसका पुत्र शाहिद व भतीजा हसाब शाम के समय पीड़ित के दूसरे भाई रियासत के घर जा रहे थे। पीड़ित का आरोप है की रंजिश के चलते गांव के तीन युवकों ने पीड़ित के पुत्र व भतीजे को रोक लिया और उनके साथ गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर गांव के ही जुनैद, सुफियान व मोहसिन ने एक राय होकर पीड़ित के पुत्र के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। शौर-शराबा होने पर आरोपी युवक जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित व्यक्ति ने अपने पुत्र को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया और डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद तीनों आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए पीड़ित व्यक्ति की तहरीर पर तीनों आरोपियों के विरुद्ध अभियोग दर्ज करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है।

# एक माह पूर्व सड़क हादसे में घायल वृद्ध की मौत के मामले में नहीं हुआ मुकदमा दर्ज

वेलकम इंडिया



**कांधला। संवादाता मोहसिन रहमानी** कस्बे के कैराना रोड पर एक माह पूर्व अज्ञात बुलेट सवार ने स्कूटी सवार को टक्कर मार कर घायल कर दिया था। स्कूटी और बुलेट की टक्कर का लाइव वीडियो पास के लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया था।घायल की एक सप्ताह पूर्व दिल्ली के लोकनायक अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई थी। परिजनों ने पड़ोस के ही लोगों पर रंजिश के चलते टक्कर मारकर घायल करने का आरोप लगाया है। मृतक के परिजन लगातार थाने के चक्कर काट कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

कस्बे के मोहल्ला मौलानान निवासी सादिक पुत्र निजामुद्दीन ने थाने पर तहरीर देते बताया कि पड़ोस के ही संजीव व अरविंद पुत्रगण ऋषिपाल, ऋषिपाल पुत्र बुल्ला पीड़ित के परिवार से रंजिश रखते हैं। गत 22 नवंबर को उक्त लोगों ने पीड़ित के पिता के साथ गाली गलौज की थी। पीड़ित का पिता अपनी स्कूटी पर सवार होकर उक्त लोगों की शिकायत करने पहुंचे थे। जैसे ही पीड़ित का पिता थाने पर शिकायत कर वापस लौट रहे थे तो आरोप है कि आरोपियों ने अज्ञात बुलेट से पीड़ित के पिता की स्कूटी मे टक्कर मार दी थी। जिसका लाइव वीडियो पास के लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया था पीड़ितों के पास सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध है। जिससे पीड़ित का पिता गंभीर रूप से घायल हो गया था। आसपास के लोगों ने पीड़ित के पिता को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया था। डॉक्टरों ने पीड़ित के पिता की हालत को गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया था। पीड़ित के पिता का दिल्ली के लोकनायक अस्पताल में उपचार चल रहा था। 14 दिसंबर को पीड़ित के पिता की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। वृद्ध की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया था। मृतक का शव पीएम से आने के बाद परिजनों ने गमगीन माहौल में सुपुर्द ए खाक कर दिया था।

पीड़ित परिजनों का आरोप है कि आरोपियों पर कार्रवाई को लेकर लगातार थाने के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन पुलिस मामले में कार्रवाई नहीं कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## सरकारी अस्पताल में बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन को लेकर कर्मचारियों को किया गया जागरूक



**कांधला।** नगर के सरकारी अस्पताल में डॉक्टर जितैश व फार्मासिस्ट दीपक कुमार द्वारा अस्पताल परिसर में कार्यरत कर्मचारियों एवं अंडर ट्रेनिंग स्टाफ को बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन को लेकर जागरूक किया गया। इस दौरान बायोमेडिकल वेस्ट का अर्थ, उसके प्रकार तथा सुरक्षित निस्तारण की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई ।डॉक्टरों ने बताया कि बायोमेडिकल वेस्ट वह कचरा होता है, जो अस्पतालों, क्लीनिकों एवं अन्य स्वास्थ्य संस्थानों से निकलता है और जिसमें संक्रामक अथवा खतरनाक सामग्री शामिल होती है, जैसे खून, शरीर के तरल पदार्थ, उपयोग किए गए इंजेक्शन, पट्टियां, दस्ताने आदि। ऐसे कचरे का सही तरीके से निस्तारण न होने पर संक्रमण फैलने का खतरा बना रहता है ।कार्यक्रम के दौरान बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स के तहत कचरे को अलग–अलग रंग के डिब्बों में डालने, सुरक्षित संग्रहण एवं निस्तारण की प्रक्रिया पर भी प्रकाश डाला गया। कर्मचारियों से नियमों का पालन करने और स्वच्छता बनाए रखने की अपील की ।इस अवसर पर अस्पताल के कई कर्मचारी व अन्य लोग मौजूद रहे।

## सीएचसी की एंबुलेंस सेवा का औचक निरीक्षण, व्यवस्थाएं रहीं संतोषजनक

**कांधला।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की 108, 102 एंबुलेंस सेवा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लखनऊ से आई क्वालिटी टीम द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का नेतृत्व क्वालिटी ऑडीटर मुकुल सिंह तथा मंडल प्रभारी जयविंद्र सिंह ने किया। निरीक्षण का उद्देश्य एंबुलेंस सेवा की कार्यप्रणाली, उपलब्ध संसाधनों एवं आपातकालीन सेवाओं की गुणवत्ता का मूल्यांकन करना रहा, ताकि प्रदेश में एंबुलेंस सेवा को और अधिक प्रभावी व भरोसेमंद बनाया जा सके। एंबुलेंस सेवा के कर्मचारियों ने एंबुलेंस में उपलब्ध सभी आवश्यक चिकित्सा उपकरणों का विधिवत निरीक्षण कराया। इसमें ऑक्सीजन सिलेंडर, स्ट्रेचर, सक्शन मशीन सहित अन्य जीवन रक्षक उपकरणों की कार्यक्षमता को बारीकी से परखा गया। साथ ही एंबुलेंस में रखी दवाइयों की एक्सपायरी डेट की भी गहन जांच की गई, जिससे आपात स्थिति में मरीजों को समय पर सुरक्षित उपचार उपलब्ध कराया जा सके ।क्वालिटी टीम ने एंबुलेंस से संबंधित आवश्यक अभिलेखों जैसे वाहन व स्टाफ रिकॉर्ड, दवाइयों की सूची तथा लॉग बुक आदि की भी जांच की। निरीक्षण के दौरान सभी अभिलेख पूर्ण एवं अद्यतन पाए गए। टीम ने कर्मचारियों से आपातकालीन कॉल रिस्पॉन्स, कार्यप्रणाली तथा मरीजों की देखभाल से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर भी जानकारी ली ।निरीक्षण में सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। क्वालिटी अधिकारियों ने कर्मचारियों के कार्य की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार सेवा की गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए।

## सौदा रोड मोदीनगर पर अवैध अतिक्रमण से जनता परेशान, सभासद ललित त्यागी ने उठाई आवाज

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** नगर पालिका परिषद मोदीनगर क्षेत्र अंतर्गत सौदा रोड पर लंबे समय से किए जा रहे अवैध अतिक्रमण से आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर स्थायी एवं अस्थायी अतिक्रमण के कारण यातायात व्यवस्था पूरी तरह बाधित हो चुकी है, जिससे पैदल यात्रियों, स्कूली बच्चों, महिलाओं एवं वरिष्ठ नागरिकों को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ।इस गंभीर जनसमस्या को लेकर नगर पालिका परिषद मोदीनगर के सभासद एवं अधिवक्ता ललित त्यागी ने तहसील समाधान दिवस में लिखित शिकायत प्रस्तुत कर प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया। उन्होंने बताया कि सौदा रोड पर अवैध अतिक्रमण के कारण सड़क संकरी हो गई है, जिससे आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है और दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी रहती है। ललित त्यागी ने कहा कि इस संबंध में पूर्व में भी नगर पालिका, पुलिस प्रशासन एवं संबंधित विभागों को अवगत कराया गया था, किंतु अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिसके कारण अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि सौदा रोड पर किए गए सभी अवैध अतिक्रमणों को तत्काल हटवाया जाए तथा भविष्य में पुन: अतिक्रमण न हो, इसके लिए स्थायी एवं सख्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे आम नागरिकों को राहत मिल सके और यातायात सुचारु रूप से संचालित हो।

## रिश्वत ले रहे महिला दरोगा व हेड कॉन्स्टेबल गिरफ़्तार

**मोदीनगर।** मेरठ में तैनात एक लेखपाल की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमे से नाम हटाने और धाराएं घटाने के नाम पर 50 हजार की रिश्वत ले रही महिला दरोगा और एक कांस्टेबल को रेंज हाथ गिरफ्तार किया है। इस मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। जानकारी के मुताबिक मुरादनगर निवासी चंचल त्यागी ने अपने पति व ससुराल वालों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया गया था। इस मामले में आरोपी पति रजनीश त्यागी जमानत पर है। मेरठ की सदर तहसील में लेखपाल पद पर तैनात पीड़ित रजनीश त्यागी के मुताबिक महिला पिंक बूथ पर तैनात दरोगा प्रिया सिंह व हेड कॉन्स्टेबल शाहिद मुकदमे से धारा कम करने और उसके माता पिता का नाम हटाने के नाम पर दो लाख की रिश्वत मांग रहे थे।

# गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स कॉलेज के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** नोएडा स्थित एन.सी.पी.ई. कॉलेज में16 से 18 दिसंबर 2025 तक आयोजित अखिल भारतीय अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स टूनामेंट में गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स (पी.जी.) कॉलेज, मोदीनगर के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। 5 किमी दौड़ में लक्ष्मी तथा हेप्टाथलॉन में स्नेहा ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि 4400 मीटर रिले में खुशबू, आरजू, अंशिका गौतम व निकिता और 20 किमी वॉक में शिवानी ने रजत पदक प्राप्त किया तथा स्टीपलचेज में अंशिका को कांस्य पदक मिला। प्रधानाचार्य प्रो. पूनम शर्मा ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और उन्हें हार्दिक बधाई दी। इस सफलता में शारीरिक शिक्षा की शिक्षिका अंकिता त्यागी का बहुत बड़ा योगदान रहा।

## दुकान पर बैठे व्यापारी की गोली मार कर हत्या

**मोदीनगर ।** मुरादनगर थाना क्षेत्र में शनिवार दोपहर करीब डेढ़ बजे दिनदहाड़े ओलंम्पिक तिराहे पर एक व्यापारी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्या करने के बाद आरोपी थाने पहुंचा ओर उसने पुलिस के समक्ष समर्पण कर दिया। उसने खुलासा किया कि वर्ष 2007 में हुई एक हत्या को लेकर चली आ रही रंजिश के चलते उसने इस घटना को अंजाम दिया हैं। पुलिस ने इस संबध में मुकदमा दर्ज कर लिया हैं ।जानकारी के मुताबिक कस्बा चौकी क्षेत्र के ओलिंपिक तिराहे के समीप साईकिल की रिपेयरिंग व बेचने का कारोबार करने वाला व्यापारी इमरान( 49 )जब दुकान पर बैठा हुआ था,तभी बुलेट सवार एक युवक आया ओर उसने दुकान के नजदीक से इमरान पर फायरिंग कर दी।

## पत्नी ओर दो बेटियों के हत्यारे पर होगी रासुका की कार्रवाई

वेलकम इंडिया

**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत में पत्नी व दो बेटियों की हत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से तीन अवैध तमंचे दस जिंदा व सात खोखा कारतूस बरामद किए थे। पुलिस आरोपी पर रासुका की कार्रवाई करने की तैयारी कर रही है।

थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी फारूख ने अपनी पत्नी ताहिरा की बिना बुर्का पहनकर अपने घर चले जाने से नाराज होकर नौ दिसंबर की रात्रि को गोली मारकर हत्या कर दी थी। गोली की आवाज सुनकर 14 वर्षीय बेटी आफरीन की आंख खुल गई थी। फारूक ने अपनी बेटी आफरीन को भी गोली मार दी थी, जैसे ही आफरीन को गोली मारी तो आठ वर्षीय सहरीन की भी आंख खुल गई थी। आरोप है कि फारूक ने सहरीन की भी गला दबाकर हत्या कर दी थी, और तीनों शवों को घर के आंगन में खोदे गए सेफ्टी टैंक में डालकर मिट्टी डाल दी थी और ऊपर से ईंटें बिछा दी थी। कई दिन बीत जाने के बाद परिवार को शक हुआ तो परिवार के लोगों ने फारुख से पत्नी और बच्चों के बारे में पूछताछ की थी। फारूक ने बताया था कि उसने अपनी पत्नी और बच्चों को कोतवाली क्षेत्र के गांव लिलोन में किराए के मकान में रख रखा है। फारूक अपने परिवार के लोगों को लेकर लिलोन पहुंचा तो वहां कुछ नहीं मिला था। देर शाम को फारुख के पिता दाऊद ने फारूक पर पत्नी व दो पोतियों की हत्या करने का शक जताते हुए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी।

## कंबल पाकर शीत लहर प्रभावित जरूरतमंदों ने ली राहत की सांस



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** मोदीनगर पालिका एवं तहसील प्रशासन के संयुक्त सहयोग से ग्राम सारा में सौ से अधिक जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए गए। शीत लहर से प्रभावित जरूरतमंदों के चेहरों पर कंबल प्राप्ति से खुशी की लहर दौड़ गई। सभी ने राहत की सांस लेते हुए तहसील एवं पालिका प्रशासन का आभार जताया। इससे पूर्व उपजिलाधिकारी अजित कुमार सिंह व तहसीलदार रजत कुमार नगर पालिका चेयरमैन विनोद वैशाली, नायब तहसीलदार मुकेश शर्मा, अंकित चौधरी संदीप शर्मा ने मोदीनगर क्षेत्र के अनेक रैन बसेरों का निरीक्षण कर वहां तैनात कर्मियों को आवश्यक हिदायतें दी।

# वार्षिक कला प्रदर्शनी के समापन समारोह में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** इंस्टिट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स मोदीनगर( आइफा ) में चल रही वार्षिक कला प्रदर्शनी के अंतिम दिन के मुख्य अतिथि आनंद प्रकाश मिश्रा( थाना प्रभारी मोदीनगर) विशिष्ट अतिथिगण जसमीत सिंह( निष्काम सेवा जत्था), सोनिका जैन( उत्थान फाउंडेशन), शालिनी नायर( पंजाबी संगठन) ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कला प्रदर्शनी में आज के दिन कला प्रेमियों, विभिन्न स्कूलों के कला शिक्षक ,प्रिंसिपल, छात्र-छात्राओं, अभिभावकों एवं सामाजिक संस्था के प्रतिनिधियों की अपार भीड़ थी। आनंद नारायण( राष्ट्रीय पुरस्कृत कलाकार) ने छात्र-छात्राओं द्वारा बनाई गई पेंटिंग पोस्टर, कलाकृतियों को बारीकियां से देखा तथा वर्तमान युग में युवा पीढ़ी को चित्रकारी के क्षेत्र में रोजगार के अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कला प्रदर्शनी में उत्कृष्ट कलाकृति प्रदर्शित करने वाले प्रत्येक विभाग पेंटिंग, अप्लाइड आर्ट, फैशन डिजाइनिंग व फाउंडेशन के विजेता छात्र-छात्राओं को आनंद नारायण जी द्वारा प्रथम. द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

इस प्रदर्शनी को सफल बनाने के लिए संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी भौतेंद्र कुमार, अमित कुमार बंसल, डॉ. रूचि विद्यार्थी, प्रीति शर्मा, दीपांशु, प्रशांत झा, शीतल, स्वीटी, अंजलि, रीता घोष, अक्षिता वर्मा, पलक अत्रेय , आभा शर्मा आदि का भरपूर सहयोग रहा।

# थाना निवाडी में ग्राम एमपी सिखेड़ा व याकूतपुर मवी में जनता के साथ संवाद किया



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** ग्रामीण जोन कमिश्नरेट गाजियाबाद के थाना निवाडी में ग्राम एमपी सिखेड़ा व याकूतपुर मवी में जनता के साथ संवाद किया। साइबर प्रभारी व मिशन शक्ति प्रभारी एवं थाना प्रभारी निरीक्षक जयपाल सिंह ने लोगों के साथ संवाद स्थापित किया गया जिसके माध्यम से लोगों को बीट प्रणाली, साइबर सुरक्षा, तथा मिशन शक्ति केंद्र के बारे में अवगत कराया गया तथा,वादी संवाद दिवस, थाना दिवस, तहसील दिवस के बारे में बताया गया। ग्राम सुरक्षा समिति का पुनर्गठन, संभ्रांत व्यक्तियों की सूची को अपडेट किया गया तथा गांव के लोगों को व्हाटसप ग्रुप में जोड़ा गया तथा सरकार द्वारा चलाई गयीं विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी व हेल्पलाइन नम्बरों 112, 1090, 181, 1930, 108, 102, 1076 की जानकारी दी गयी। सभी ग्राम वासियों को कमिश्नरेट गाजियाबाद के ट्विटर हैंडल, फेसबुक इंस्टाग्राम, इंस्टाग्राम पर अधिक से अधिक जुड़ने की अपील की गई ।

# कांग्रेस कार्यकताओं में किसानों की समस्या को लेकर ज्ञापन सौंपा



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ )।** कांग्रेस कार्यकताओं ने तहसील दिवस पर किसानों की समस्या को लेकर एक ज्ञापन सोपा। कांग्रेस के शहर अध्यक्ष बृजेश सेन ने बताया कि ग्राम मोहम्मदपुर मोहम्मदपुर कदम निवासी एक किसान मुकेश त्यागी की जमीन को और चकरोड को दबंग दबंग द्वारा छोटी करने वह रास्ते को छोटा करने के चक्कर में लगे हुए थे जिसमें कई प्रार्थना पत्र पहले भी दिए जा चुके थे आज शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में अध्यक्ष बृजेश कुमार सेन वह कोऑर्डिनेटर अभिनव शर्मा सुमित पाठक सहित सैकड़ो ग्रामीण का एक प्रतिनिधित्व प्रतिनिधित्व एसडीएम मोदीनगर से मिला और उसमें रास्ता वह नशे को सही करने के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया एसडीएम साहब द्वारा आश्वासन दिया गया है कि इसे एक हफ्ते के अंदर सही कर दिया जाएगा।

# जनपद की तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** शासनादेश के मद्देनजर माह के प्रथम व तृतीय शनिवार हो सम्पूर्ण समाधान दिवस मनाया जाता है जिसके क्रम में जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार माँदड़ के निदेर्शानुसार जनपद गाजियाबाद की तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया।

**सदर तहसील**

मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में सदर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। इस दौरान कुल 35 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें मौके पर 06 शिकायतों का निरस्तारण किया गया। इस दौरान एसडीएम श्री अरूण दीक्षित, नगर निगम के अधिकारी, तहसीलदार, पुलिस अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

**मोदीनगर तहसील**

एसडीएम श्री अजीत सिंह की अध्यक्षता में मोदीनगर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। इस दौरान 90 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से मौके पर 03 शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस दौरान तहसीलदार, पुलिस अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

**लोनी तहसील**

श्री दीपक सिंघनवाल ज्वाईंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी लोनी की अध्यक्षता में लोनी तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 64 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 04 शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस दौरान तहसीलदार, पुलिस अधिकारी, नगर पालिका सहित अन्य विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। इस प्रकार जनपद की तीनों तहसीलों में 189 शिकायतें प्राप्त हुई और मौके पर 13 शिकायतों का निस्तारण हुआ।



# नई हरनंदीपुरम योजना को मिलेगी नई रफ्तार, गाजियाबाद के सुनियोजित विकास की रखी जा रही मजबूत नींव

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) द्वारा प्रस्तावित नई हरनंदीपुरम योजना अब तेजी से धरातल पर उतरती दिखाई दे रही है। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल ने शनिवार को भू-अर्जन की प्रगति की समीक्षा करते हुए स्पष्ट किया कि गाजियाबाद, जो दिल्ली सीमा से सटा उत्तर प्रदेश का प्रमुख प्रवेश द्वार है, आने वाले वर्षों में सुनियोजित और आधुनिक शहरी विकास का आदर्श उदाहरण बनेगा। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण का प्रमुख उद्देश्य मजबूत लैंड बैंक तैयार करना है, ताकि भविष्य की आवासीय, व्यावसायिक और आधारभूत आवश्यकताओं को समय रहते पूरा किया जा सके। उपाध्यक्ष श्री कलाल ने जानकारी दी कि नई हरनंदीपुरम योजना के



अंतर्गत कुल लगभग 501 हेक्टेयर भूमि का क्रय प्रस्तावित है, जिसे चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। प्रथम चरण में भूमि क्रय की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है, जिसके अंतर्गत अब तक लगभग 50 हेक्टेयर भूमि का बैनामा आपसी सहमति के आधार पर प्राधिकरण के पक्ष में संपन्न हो चुका है। इसके अतिरिक्त लगभग 115 हेक्टेयर भूमि का क्रय वर्तमान में प्रक्रिया में है, जिसे शीघ्र पूर्ण किए जाने के लिए अधिकारियों को प्रतिदिन समीक्षा के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि किसानों और भू-स्वामियों के साथ संवाद को सरल, पारदर्शी और भरोसेमंद बनाने के उद्देश्य से प्राधिकरण द्वारा एक समर्पित वेबसाइट भी लॉन्च की गई है। इस वेबसाइट के माध्यम से भूमि क्रय से जुड़ी समस्त जानकारी, प्रक्रिया और लाभों को सार्वजनिक किया जा रहा है, जिससे किसानों को किसी प्रकार की असमंजस की स्थिति न रहे। श्री कलाल ने विश्वास व्यक्त किया कि पारदर्शी व्यवस्था और निरंतर संवाद के चलते शेष भूमि के बैनामे भी शीघ्रता से पूरे कर लिए जाएंगे। उपाध्यक्ष ने बताया कि प्रथम चरण के अंतर्गत सेटेलाइट सर्वे और टोपोग्राफिकल सर्वे सहित योजना का विस्तृत लेआउट अगले तीन महीनों के भीतर तैयार कर लिया जाएगा। इसके बाद हरनंदीपुरम योजना में वास्तविक विकास कार्यों की शुरूआत कर दी जाएगी।

# यूपी में चलेगी पछुआ हवा, 42 जिलों के लिए जारी हुआ घने कोहरे का अलर्ट

वेलकम इंडिया

उत्तर प्रदेश का ज्यादातर हिस्सा ठंड के साथ कोहरे के साए में लिपटा हुआ है। मौसम विभाग का कहना है कि यूपी में एक बार फिर हवा का रुख बदलेगा। सोमवार से प्रदेश में पछुआ हवाएं चलेंगी। इसके असर से प्रदेश भर में दिन व रात के तापमान में क्रमशः गिरावट आएगी और साथ ही कोहरे का घनापन भी कम होगा।

42 जिलों में है घने कोहरे का येलो अलर्ट

कौशांबी, फतेहपुर, प्रतापगढ़, सोनभद्र, चंदौली, वाराणसी, संत रविदास नगर, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, कानपुर देहात, कानपुर नगर, रायबरेली, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, फिरोजाबाद, मैनपुरी, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं व आसपास इलाकों में। मौसम विभाग की ओर से सोमवार को प्रयागराज, मिजार्पुर, आगरा व इटावा जिलों के लिए अध्यधिक घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं पश्चिमी यूपी के 42 जिलों के लिए घने कोहरे का येलो अलर्ट है। रविवार को सुबह घने कोहरे की वजह से आगरा और प्रयागराज में दृश्यता शून्य तक पहुंच गई। वहीं अलीगढ़ में 30 मीटर, वाराणसी, बलिया, सोनभद्र और मुरादाबाद में दृश्यता 50 मीटर तक सिमट गई।


आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार से प्रदेश में धीमी पछुआ हवाएं चलेंगी।

इनकी रफ्तार क्रमशः बढ़ेगी और पारे में गिरावट के साथ ही कोहरे का असर कम होगा।




## सदर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल

# माननीय मंत्री श्री सुनील शर्मा जी के द्वारा कंपोजिंट विद्यालय करहेडा में जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया





# सुंदर दीप वर्ल्ड स्कूल में उत्सव और ऊर्जा का संगम, 'क्रिसमस कार्निवल' और वार्षिक खेलकूद समारोह ने रचा यादगार माहौल

**गाजियाबाद।** डासना स्थित सुंदर दीप वर्ल्ड स्कूल में शनिवार को 'क्रिसमस कार्निवल' और वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य एवं रंगारंग आयोजन बड़े उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। विद्यालय परिसर में बच्चों की मुस्कान, रंग-बिरंगी सजावट, खेलों की ऊर्जा और क्रिसमस की खुशियों ने ऐसा वातावरण रच दिया, जो सभी के लिए अविस्मरणीय बन गया।

# महापौर सुनीता दयाल ने 16 करोड़ की परियोजनाओं की रखी नींव



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** शहर के विकास को नई रफ्तार देते हुए आज महापौर सुनीता दयाल ने शनिवार को लगभग 16 करोड़ रुपये की लागत से शहर के विभिन्न हिस्सों में कराए जाने वाले विकास कार्यों का नारियल फोड़कर विधिवत शिलान्यास किया। नगर निगम द्वारा कराए जा रहे इन कार्यों से न केवल नागरिक सुविधाओं में सुधार होगा, बल्कि निगम की प्रशासनिक क्षमता और आय बढ़ाने की दिशा में भी यह एक बड़ा कदम माना जा रहा है। इन विकास कार्यों में सबसे महत्वपूर्ण परियोजना ज्ञानी बॉर्डर, मोहन नगर में प्रस्तावित जोनल कार्यालय का निर्माण है, जिस पर लगभग 12 करोड़ रुपये की लागत आएगी। यह कार्यालय ग्राउंड फ्लोर के साथ चार मंजिल का होगा, अर्थात कुल पांच मंजिला अत्याधुनिक भवन का निर्माण किया जाएगा। इस जोनल कार्यालय में फायर सर्विस की व्यवस्था, लिफ्ट सुविधा, आधुनिक शौचालय, पार्किंग और अन्य सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

# आईआईटी खड़गपुर ने देशभर के छात्रों कर क्षिक्षिज 2026 में भाग लेने के लिए आमोंक्ष किया

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद ।** आईआईटी खड़गपुर अपने प्र वातषिक टेक्नो-मैनेजमेंट महोत्सव क्षिक्षिज 2026 का आयोजन 16 जनवरी से18 जनवरी 2026कि करनेजा रहा है। इस 23वेंसंस्करण में40 सेअक्षिक काययक्रम शातमल होंगे, तजनमेंप्रयोतगिाएँ, कायिशालाएँ, अ व्याख्यान, इंटरएक्टिव सत्र और प्रदशितनयोंका समावेश होगा। यह महोत्सव छात्रोंकोि कनीक और प्रबंधन के नवीनिम नवाचारोंसेरूबरू करानेका एक अनूठा मंच प्रदान करेगा। महोत्सव का भव्य उद् घाटन 16 जनवरी को होगा। प्रमुख आकषिणोंमेंडीआरडीओ, भारिीय वायुसेना, और अर्त्यां आकषिक कनाक्षडयन डर रन लाइट शर की प्रदशितनयाँशातमल होंगी। इसके अलावा ऑटर एक्सपर, डीजेनाइट और कई मनोरंजक कायिक्रमोंका भी आयोजन तकया जाएगा। पूविमेंज नेप्रि व्यक्तितेंजैसेडॉ. ए. वेल्लुमणी सबीीऱ भाक्षटया (संसप्ािपक, हॉटमेल),, प्रेरणादायी वाि डॉ.नूिजैन, और प्रतसद्ध तशिक-मेंटर क्षवजेंद्र क्षसोंह चौहान को आमंतत्रि तकया है। इनके सत्रोंसेदेशभर के हजारोंछात्रोंको मागिदशिन और प्रेरणा तमली है। इस वषि, ज नवाचार, रचनात्मकिा और सीख को नए स्तर पर लेजाोिहुए देशभर केछात्रोंकेतलए एक और अतधक रोमांचक और यादगार अनुभव प्रस्तुि करनेका वादा करिा है। अक्षिक जानकारी और अपडेट प्राप्त करनेके क्षलए अभी पोंजीकरण करें।



# मुलतानीमल मोदी कॉलेज में जिला स्तरीय विकसित भारत राष्ट्रीय युवा संसद का आयोजन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा देशभर में आयोजित किए जा रहे जिला स्तरीय ह्यविकसित भारत राष्ट्रीय युवा संसदह्ण कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज मुलतानीमल मोदी कॉलेज, मोदीनगर में जिला स्तरीय कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस), चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ तथा युवा मामले एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।




कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री समरदीप सक्सेना, क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथियों – श्री देवेंद्र कुमार, उपनिदेशक, माय भारत गाजियाबाद; डॉ दुष्यंत शर्मा, प्रोफेसर, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय; एवं डॉ वासुदेव शर्मा, प्राचार्य, मुलतानीमल मोदी कॉलेज – का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में जनपद के विभिन्न महाविद्यालयों से आए 50 से अधिक विद्यार्थियों ने ह्ल आपातकाल के 50 वर्ष : भारतीय लोकतंत्र के लिए एक सीखह्व विषय पर अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. वसुधा शर्मा ने की। प्रतियोगिता के लिए गठित निर्णायक मंडल में डॉ सुनीता सिरोही, डॉ पल्लवी शर्मा, डॉ आभा शर्मा, डॉ अरविंद कुमार एवं श्री पंकज ठाकुर शामिल रहे। निर्णायक मंडल द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 10 प्रतिभागियों का चयन राज्य स्तरीय युवा संसद के लिए किया गया। चयनित प्रतिभागियों को लखनऊ विधानसभा में आयोजित होने वाली विकसित भारत राज्य स्तरीय युवा संसद में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। राज्य स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी दिल्ली में संसद भवन में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की विकसित भारत युवा संसद में सहभागिता करेंगे। कार्यक्रम के समापन पर विजेता प्रतिभागियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया, जबकि अन्य सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र वितरित किए गए। साथ ही, निर्णायक मंडल के सदस्यों एवं अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन रागिनी एवं विशाल द्वारा किया गया।

आयोजन के दौरान प्रो. नवेंद्र गौड़, डॉ सुधीर, डॉ अरुण कुमार सिंह, डॉ योगेंद्र कुमार सक्सेना, डॉ शिवप्रकाश, डॉ शिवांगी त्रिवेदी, डॉ कोमल गुप्ता, श्री सौरभ पाल, डॉ कुमुद सोनी, सहित बड़ी संख्या में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक, राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेट्स एवं छात्र-छात्राओं की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## श्री रामकथा का अष्टम दिवस: शूर्पणखा और सीता हरण प्रसंग से समाज को मिला सशक्त संदेश

**गाजियाबाद।** श्री सत्यानारायण मंदिर, ब्रिज विहार में आयोजित श्री रामकथा के अष्टम दिवस पर शनिवार को कथा स्थल एक अद्भुत आध्यात्मिक वातावरण का साक्षी बना। इस अवसर पर कथा व्यास परम श्रद्धेय पं. श्रीकांत पाण्डेय जी ने शूर्पणखा प्रसंग एवं सीता हरण प्रसंग का अत्यंत प्रभावशाली और शिक्षाप्रद वर्णन प्रस्तुत किया। कथा में महाराज श्री ने स्पष्ट किया कि जब काम, क्रोध और अहंकार मयार्दा की सीमाओं को पार करते हैं, तब उसका परिणाम हमेशा विनाशकारी होता है। शूर्पणखा प्रसंग के माध्यम से उन्होंने यह संदेश दिया कि अधर्म चाहे जितना छलपूर्ण क्यों न हो, उसका अंत सदैव विनाश में होता है। सीता हरण प्रसंग के दौरान उन्होंने नारी शक्ति, धैर्य, पवित्रता और आत्मबल का महत्व उजागर किया और आज के समाज के लिए इसे एक प्रेरणा बताया। श्रद्धालुओं ने कथा को सुनते हुए गहरे भाव में डूबकर करुणा, शोक और धर्म रक्षा का अनुभव किया। कथा स्थल पर उपस्थित लोग न केवल भावविभोर हुए बल्कि सामाजिक मयार्दा और नैतिकता के प्रति जागरूकता भी प्राप्त की। अष्टम दिवस के यजमान सविता प्रदीप मित्तल एवं बसंती शिवजी पांडेय रहे, जबकि प्रसाद ए.पी. गुप्ता एवं दीपक बंसल जी द्वारा वितरित किया गया। इस अवसर पर कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे, जिनमें पड़पडगंज के विधायक रविंदर सिंह नेगी जी, अजय जी, संजय लाहा, अंबिका मौर्य, वाई एन सिंह, पिंकी जी, पवन जी, अजय तिवारी, उमेश चंद सक्सेना, सुशील सिंह, मुनेश पाल सिंह, शिव राम मौर्य सहित अन्य प्रमुख लोग शामिल हुए।